


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल




वर्ष- 13, अंक - 103 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, गुरूवार 27 जनवरी 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

**किराये से देना है**
15x20 डबल स्टोरी
दुकान किराये से देना है।
संपर्क :- 99933-16015
किराया - 8000 से 10000 मात्र
हाइवे पेट्रोल पंप के सामने
दुर्गा मंदिर के बाजू में
जनता मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

**आवश्यकता है**
Hotel Dream Palace
में आवश्यकता है
वेटर - 4 पद
संपर्क करें- 9329964073
Infront of Railway Station, Durg
Distt.-Durg, C.G.-491001

## खास-खबर

### मुख्यमंत्री ने अमर जवान ज्योति में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लालबाग परेड मैदान में आयोजित मुख्य समारोह के पश्चात जगदलपुर के सिरहासार भवन के नजदीक स्थित शहीद स्मारक अमर जवान ज्योति में शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल, लोकसभा सांसद दीपक बैज, संसदीय सचिव रेखचंद जैन, हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष चंदन कश्यप, चित्रकोट विधायक राजमन बेंजाम, जगदलपुर महापौर श्रीमती सफीरा साहू, सभापति श्रीमती कविता साहू, कमिश्नर श्याम धावड़े, पुलिस महानिरीक्षक पी. सुन्दरराज, कलेक्टर रजत बसंल, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मीणा सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री लोकवाणी में इस बार सुगम उद्योग, व्यापार-उन्नत कारोबार पर प्रदेशवासियों से करेंगे बात

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लोकवाणी में इस बार सुगम उद्योग, व्यापार-उन्नत कारोबार पर प्रदेशवासियों से बातचीत करेंगे। इस संबंध में आकाशवाणी रायपुर के दूरभाष नंबर 0771-2430501, 2430502, 2430503 पर 27, 28 एवं 29 जनवरी को अपरान्ह 3 से 4 बजे के बीच फोन करके अपने सवाल रिकॉर्ड करा सकते हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियो वार्ता लोकवाणी की 26 वीं कड़ी का प्रसारण 13 फरवरी 2022 को होगा। लोकवाणी का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्रों, एफएम रेडियो और क्षेत्रीय समाचार चैनलों से सुबह 10.30 से 11 बजे तक होगा




# छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना की कामयाबी का साक्षी बना राजपथ

## गणतंत्र दिवस पर निकली छत्तीसगढ़ की झांकी ने लाखों दर्शकों का मन मोहा

- राजपथ पर दिखी छत्तीसगढ़ के गाँव और गौठान की झांकी
- तालियों की गड़गड़ाहट से हजारों दर्शकों ने छत्तीसगढ़ की झांकी को सराहा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना के कामयाबी की मिसाल इस बार गणतन्त्र दिवस के परेड के दौरान देखने को मिली। इस कामयाबी के साक्षी राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद एवं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सहित अन्य गणमान्य अतिथियों बने। इस बार गणतन्त्र दिवस पर नई दिल्ली के राजपथ पर निकली छत्तीसगढ़ की झांकी ने प्रदेश के गाँव और गौठान को प्रदर्शित किया। झांकी के समक्ष छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों ने ककसाड़ नृत्य का प्रदर्शन किया। राजपथ पर उपस्थित गणमान्य अतिथियों सहित लाखों दर्शकों ने छत्तीसगढ़ के झांकी की तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहना की।

छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना पर आधारित आकर्षक झांकी ने राजपथ पर अपनी छंटा बिखेरी। यह झांकी ग्रामीण संसाधनों के उपयोग के पारंपरिक ज्ञान और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के समन्वय से एक साथ अनेक वैश्विक चिंताओं के समाधानों के लिए यह झांकी विकल्प प्रस्तुत करती है।

झांकी के अगले भाग में गाय के गोबर को इकट्ठा करके उन्हें विक्रय के लिए गौठानों के संग्रहण केंद्रों की ओर ले जाती ग्रामीण महिलाओं को दर्शाया गया है। ये महिलाएं पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा में हैं। उनके चारों ओर सजे फूलों के गमले गोठानों में साग-सब्जियों और फूलों की खेती के प्रतीक हैं। नीचे की ओर गोबर से बने दीयों की सजावट है। झांकी के पिछले भाग में गौठानों को रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क के रूप में विकसित होते दिखाया गया है। वहीं मध्य भाग में दिखाया गया है कि गाय को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के केंद्र में रखकर किस तरह पर्यावरण संरक्षण, जैविक खेती, पोषण, रोजगार और आय में बढ़ोतरी के लक्ष्यों को हासिल किया जा सकता है।

### पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ की खुशहाली की कामना

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने बस्तर प्रवास के दौरान माँ दंतेश्वरी मंदिर में मां दंतेश्वरी की पूजा अर्चना कर बस्तर एवं प्रदेश की जनता की खुशहाली की कामना की।

### गुण्डाधूर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज गणतंत्र दिवस के अवसर पर गीदम रोड स्थित शहीद गुण्डाधूर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने धुरवा समाज सहित विभिन्न समाज के प्रमुखों तथा जनप्रतिनिधियों से भेंटकर गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

### अमर जवान ज्योति में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लालबाग परेड मैदान में आयोजित मुख्य समारोह के पश्चात जगदलपुर के सिरहासार भवन के नजदीक स्थित शहीद स्मारक अमर जवान ज्योति में शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## सरकारी स्कूल के 23 बच्चे पॉजिटिव, सभी बच्चे 10वीं के छात्र, स्कूल 5 दिन के लिए बंद



श्रीकंचनपथ न्यूज

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में कोरोना का संक्रमण तेजी से बढ़ने लगा है। इसमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भी चपेट में आ गए हैं। बेरला के सरकारी स्कूल में 23 बच्चे संक्रमित मिले हैं। सभी बच्चों को उनके घर में ही होम आइसोलेट किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम उन पर नजर रख रही है। इसके बाद प्रशासन ने 5 दिन के लिए स्कूल बंद कर दिया है। इनके साथ ही जिले के अलग-अलग स्कूलों में कुल 48 बच्चों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

बेमेतरा के बेरला पंचायत क्षेत्र के देवभूमि देवरबीजा स्थित कुमारी देवी चौबे शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल के 5 टीचरों की रिपोर्ट सोमवार को पॉजिटिव आई थी। इसके बाद स्कूल में 10वीं क्लास में पढ़ने वाले 259 बच्चों का एंटीजन टेस्ट किया गया था। इसमें से 23 बच्चे संक्रमित मिले हैं। जिले में पहला मामला है, जब इतनी बड़ी संख्या में बच्चे पॉजिटिव आए हैं। इनके अलावा नवागढ़ और बेमेतरा ब्लॉक में भी 25 बच्चे संक्रमित मिले हैं।

बेरला एसडीएम संदीप ठाकुर ने बताया कि स्कूल को 5 दिन के लिए बंद कर दिया गया है। हालांकि बाकी टीचर स्कूल आते रहेंगे। क्षेत्र प्रभारी खिया सिंह ने बताया गया कि बच्चों की एंटीजन किट से जांच की गई थी। किसी भी बच्चे को कोई परेशानी नहीं है। टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं। जिले में पिछले 48 घंटे में 131 नए केस मिले हैं। इसके बाद एक्टिव मरीजों की संख्या 307 हो गई है। वहीं अब तक 317 मरीजों की मौत हो चुकी है।

## सुकमा में गणतंत्र दिवस पर नक्सलियों ने की पूर्व उप सरपंच की हत्या, सड़क पर फेंका शव



**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के धुर नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में नक्सलियों ने गणतंत्र दिवस के दिन एक ग्रामीण की हत्या कर दी। नक्सलियों ने मुखबिरी के शक में धारदार हथियार से हत्या कर शव को सड़क पर फेंक दिया। कोंटा पुलिस थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। बताया जाता रहा है कि उक्त युवक मछली पकड़ने गया था और वापस लौटने के दौरान नक्सलियों ने उसकी हत्या की है। इधर पुलिस जांच के बाद ही कुछ कहने की बात कह रही है। हत्या की इस वारदात को बाद गांव में दहशत का माहौल है।

मिली जानकारी के मुताबिक सुकमा जिले के बटेर गांव निवासी मांडवी देवा बंडा पूर्व उप सरपंच था। वह परिवार के साथ कोंटा के बेस कैंप में रहता था। वह बुधवार को वह मछली पकड़ने के लिए जंगल में नालों की ओर निकला था। दूसरे साथियों के साथ जब वह घर लौट रहा था तभी रास्ते में सशस्त्र नक्सलियों ने उन्हें घेर लिया और धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी। युवक का शव कन्हैयागुड़ा के बीच रास्ते में फेंक भाग गए। बताया जाता है कि युवक के पिता और भाई की भी मुखबिरी के शक में नक्सली हत्या कर चुके हैं।

### साथ गए लोगों से पुलिस कर रही पूछताछ

कोंटा पुलिस को वारदात की जानकारी गुरुवार की सुबह मिली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। नक्सली वारदात से गांव में दहशत है। माड़वी देवा की हत्या पुलिस मुखबिरी के शक में किए जाने की बात कही जा रही है। मांडवी देवा के साथ मछली पकड़ने गए लोगों से पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस के अफसर जांच के बाद ही कुछ कहने की बात कह रहे हैं।

## झंडा उतारने के दौरान करंट की चपेट में आई छात्राएं, एक की मौत, छात्रावास अधीक्षिका निलंबित

श्रीकंचनपथ न्यूज



महासमुन्द। महासमुंद जिले में गणतंत्र दिवस के दिन झंडा उतारने के दौरान एक हादसा हो गया। प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास पटेवा में करंट की चपेट में आने से एक छात्रा की मौत हो गई, जबकि एक को गंभीरावस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा के बाद छात्रावास में हड़कंप मच गया। सूचना पर अफसर भी छात्रावास पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद सीएम भूपेश बघेल ने छात्रावास अधीक्षिका को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। महामसुंद कलेक्टर ने इस मामले में जांच के आदेश भी जारी किए हैं। इधर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक महामसुंद जिले के पटेवा में प्री-मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास संचालित है। यहां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाते हुए झंडारोहण किया गया था। शाम को झंडा उतारने के दौरान दो छात्राएं करंट की चपेट में आ गईं। हाईटेंशन तार छात्रावास से होकर गुजरी हुई है। झंडा लगाने लोहे की पाइप का उपयोग किया गया था। पाइप बिजली तार के संपर्क में कैसे आया कोई नहीं नहीं बता पा रहे। हादसे में मृत छात्रा का नाम किरण बताया जाता रहा है। वहीं एक छात्रा को महासमुंद अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## महासमुंद कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

महासमुंद कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने पटेवा कन्या हॉस्टल में छात्राओं से झंडा उतवाने के दौरान करंट लगने से एक छात्रा की मौत पर हॉस्टल की अधीक्षिका ऐश्वर्या साहू को तत्काल निलंबित कर दिया है। कलेक्टर ने दुर्घटना के जांच के आदेश दिए हैं। करंट लगने से गंभीर एक छात्रा के बेहतर उपचार के निर्देश दिए गए है। कलेक्टर ने दुर्घटना प्रकरण तैयार कर आर्थिक सहायता राशि मुहैया कराने के निर्देश दिए। इधर सीएम ने मृत छात्रा के परिजनों को 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने व घायल अन्य एक छात्रा को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

## झारखंड में नक्सलियों ने उड़ाई पटरिया, हावड़ा-दिल्ली रेल रूट बंद, कई ट्रेनों पर असर



**बिहार (एजेंसी)।** झारखंड में नक्सलियों ने रेलवे ट्रैक को बम से उड़ा दिया। बीती रात हावड़ा - दिल्ली ट्रेन रूट पर गिरिडीह के पास नक्सलियों ने बम धमाका किया। बम धमाका करने के बाद घटनास्थल पर नक्सलियों ने एक पत्र छोड़ा और वहां से चले गए। बम धमाके बाद रेलवे जिससे ट्रैक टूटकर बिखर गया। इस घटना से हावड़ा दिल्ली रूट पर कई ट्रेनें प्रभावित हुई।

घटनास्थल पर नक्सलियों द्वारा छोड़े गए पत्र में 21 जनवरी से 26 जनवरी तक के प्रतिरोध को सफल बनाने की बात लिखी हुई। रेलवे अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात करीब 12:30 बजे रेलवे के गश्ती दल ने चिचाकी स्टेशन मास्टर को धमाके की सूचना दी थी। गश्ती दल ने बताया धनबाद डिविजन के करमा चिचाकी की स्टेशन के बीच बम धमाका हुआ है। धमाके की जानकारी मिलते ही एहतियातन हावड़ा ङ्क दिल्ली रेल मार्ग के गोमो ङ्क गया रेलखंड की लाइनों पर ट्रेनों की आवाजाही तत्काल रोक दी गई। मौके पर पहुंची टीम ने देखा कि पटरियां पूरी तरह ध्वस्त हो गई हैं। सोमवार सुबह से मौके पर मेंटेनेंस शुरू कर दिया गया है। वहीं इसकी वजह से कई ट्रेनों पर असर पड़ा है। फिलहाल इस मामले में रेलवे द्वारा जांच शुरू कर दी गई है। बम धमाके के कारण क्षतिग्रस्त हुए रेलवे ट्रैक के कारण गाड़ी संख्या 13305 धनबाद डेहरी एक्सप्रेस 27 जनवरी को निरस्त कर दिया गया है।

## देश में डराने लगी कोरोना की रफ्तार, एक्टिव केस 11 लाख के पार, सामने आए 2.47 लाख मामले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में कोरोना की तीसरी लहर का कहर तेजी से बढ़ रहा है। कोरोना के नए मामले अपने पीक की ओर बढ़ते हुए ढाई लाख तक पहुंच गए हैं। इस तरह महज 6 दिनों में ही कोरोना के नए केसों के आंकड़ा 150 फीसदी तक बढ़ गया है। बुधवार को देश भर में कुल 2,47,417 नए केस मिले हैं और इसके साथ ही एक्टिव मामलों का आंकड़ा 11 लाख के पार हो गया है।



हालांकि राहत की बात यह है कि बुधवार को दिन भर में 84 हजार से ज्यादा मरीज रिकवर भी हुए हैं। नए केसों के आंकड़े के साथ ही रिकवर होने वालों की संख्या में भी तेजी के चलते हालात कुछ हद तक नियंत्रण में हैं। अब तक मिले कोरोना के कुल केसों के मुकाबले एक्टिव केसों का प्रतिशत भी तेजी से बढ़ते हुए 3.08त्न हो गया है। इसके अलावा डेली पॉजिटिविटी रेट अब 13 फीसदी से ज्यादा हो गया है, जबकि वीकली पॉजिटिविटी रेट भी 10 फीसदी के पार बना हुआ है। यही नहीं रिकवरी रेट जो पिछले महीने ही 98 फीसदी के पार था, वह अब घटते हुए 95.59त्न ही रह गया है।

हालांकि राहत की बात यह है कि देश में वैक्सीनेशयन की रफ्तार तेज है और अब तक 154 करोड़ से ज्यादा कोरोना टीके लगाए जा चुके हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि टीका लगवाने वाले लोगों की स्थिति संक्रमण के बाद भी ज्यादा गंभीर नहीं हो रही है। ऐसे में अब भी बचाव के साथ टीका ही कोरोना संकट से निपटने का सबसे कारगर उपाय है।

इस बीच देश में ओमिक्रॉन वैरिएंट के केसों की संख्या तेजी से बढ़त हुए 5,488 हो गई है। फिलहाल ओमिक्रॉन से संक्रमित 2,162 लोग रिकवर हो चुके हैं। ओमिक्रॉन के अब तक सबसे ज्यादा 1,367 केस महाराष्ट्र में मिले हैं। हालांकि अब दूसरे नंबर पर दिल्ली की बजाय राजस्थान है, जहां ओमिक्रॉन के अब तक 792 केस मिल चुके हैं। इसके अलावा दिल्ली में 549 केस हैं।

गौरतलब है कि चीन से दुनियाभर में फैले इस वायरस के चलते अब तक लाखों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

### छत्तीसगढ़ में कोरोना के 3318 नए केस मिले, 10 की गई जान, पॉजिटिविटी दर 15 प्रतिशत से ऊपर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कोरोना का कहर थम नहीं हो रहा है। बुधवार को प्रदेश में 4,914 नए केस मिले हैं, जिसमें रायपुर में सबसे ज्यादा 1050 संक्रमितों की पुष्टि हुई है। वहीं कोरोना से प्रदेश में 10 लोगों की जान भी चली गई। गणतंत्र दिवस की वजह से कम सैंपलों की जांच हुई, जिससे मरीज कम मिले हैं, लेकिन पॉजिटिविटी दर अभी भी बहुत ज्यादा है। बड़ी संख्या में लोगों के स्वस्थ्य होने से एक्टिव केस में भी गिरावट आई है। प्रदेश में अभी 29,180 सक्रिय मरीज हैं। रायपुर, दुर्ग, जांजगीर-चांपा में अभी सबसे ज्यादा केस मिले हैं। छत्तीसगढ़ में इस महामारी से अब तक 13,779 लोगों की जान जा चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के राज्य कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को प्रदेश में 3,318 नए केस मिले हैं, जिसमें सबसे ज्यादा रायपुर में 1,050 नए संक्रमित मिले हैं। इसके बाद दुर्ग में 410, जाजंगीर-चांपा में 206, बिलासपुर में 166, कांकेर में 158, सरगुजा में 157, राजनांगांव 133, रायगढ़ 133, कोरबा में 124, धमतरी 118, सूरजपुर में 114 नए केस मिले हैं। प्रदेश के 13 जिलों में 5 से 50 के बीच मरीज मिले हैं। प्रदेश में अब कुल सक्रिय मरीजों की संख्या 29,180 हो गई है। बुधवार को 20 हजार 993 सैंपलों की जांच की गई। प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 10.45 प्रतिशत से बढ़कर 15.81 प्रतिशत हो गई है।

## संपादकीय

# सम्मान की गूंज

देश की मजबूती के लिए देश की कारगर प्रतिभाओं का सम्मान जरूरी है, ताकि समाज में आचरण और कर्म का एक आदर्श बना रहे। इस वर्ष देश की 128 विभूतियों को पद्म सम्मान की घोषणा हुई है, जिनमें से चार विभूतियों को पद्म विभूषण मिलना है। पूर्व सीडीएस जनरल बिपिन रावत, पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह, संगीतज्ञ प्रभा अत्रे के साथ ही गीता प्रेस के पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम खेमका को भी दिया गया सम्मान स्वागत के योग्य है। 17 विभूतियों को पद्म भूषण और 107 को पद्मश्री की घोषणा हुई है। सीईओ सुंदर पिचई से लेकर अभिनेता विक्टर बनर्जी तक एक से बढ़कर एक हस्तियां हैं, जिन्हें सम्मानित किया जा रहा है। सरकार ने इस बार भी किसी को भारत रत्न देने की घोषणा नहीं की है, तो कोई अचरज की बात नहीं, बल्कि यह दुखद संकेत भी है कि अपने देश में सम्मान भी विवाद का विषय हुआ करते हैं। सम्मान की खुशी के साथ छटांक भर दुख या नाराजगी भी हर बार आ ही जाती है। गौर करने की बात है कि सीपीएम नेता और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहे बुद्धदेब भट्टाचार्य समेत तीन हस्तियों ने सम्मान लेने से मना कर दिया है। यह संयोग ही है कि ये तीनों हस्तियां पश्चिम बंगाल से आती हैं। लगता है, वामपंथी नेता बुद्धदेब भट्टाचार्य ने राजनीतिक मतभेद की वजह से ही सम्मान लेने से मना किया है। राजनीतिक पार्टियां तो सत्ता में आती-जाती रहती हैं, दस्तावेजों पर तो यही लिखा मिलता है कि फलां वर्ष में फलां विभूति को फलां पद्म सम्मान मिला था। राजनीतिक मतभेद अपनी जगह है, सम्मान लेने के बाद भी वह जारी रह सकता है। इस बार कांग्रेस के दिग्गज नेता गुलाम नबी आजाद को पद्म भूषण देने की घोषणा हुई है, तो जरूरी नहीं कि इस अवसर का राजनीति के लिए भी लाभ लिया जाए। अफसोस, व्यंग्य में ही सही, कांग्रेस के एक नेता ने उन्हें गुलाम के बजाय आजाद रहने की नसीहत दी है। हालांकि, अनेक कांग्रेस नेताओं ने उन्हें बधाई दी है। अपने किसी नेता के सम्मान पर कम से कम किसी पार्टी के अंदर विवाद नहीं होना चाहिए। गुलाम नबी आजाद को दिया गया सम्मान, एक ऐसे नेता का सम्मान है, जो अपनी लोकतांत्रिक शालीनता से हर जगह व्यावहारिक पैठ रखते हैं। दो अन्य विभूतियों ने भी पद्म सम्मान ठुकराया है। तबला वादक पंडित अनिंदो चटर्जी और संगीतज्ञ संध्या मुखोपाध्याय के दुख को पूरी संवेदना से समझना चाहिए। अनिंदो को सरकार से बड़े सम्मान की आशा थी, तो सरकार इस पर पहले भी बात कर सकती थी। घोषणा के बाद किसी के इनकार से बनने वाली अपमानजनक स्थिति से बचना जरूरी है। पद्म सम्मान कोई राजनीतिक पार्टी अपने बैनर तले नहीं देती है, सम्मान के साथ भारत सरकार की प्रतिष्ठा जुड़ी होती है। यह अधिकारियों के स्तर पर कमी है कि वे विभूतियों से आवश्यक संवाद भी नहीं बना पा रहे हैं। संगीतज्ञ 90 वर्षीया संध्या मुखोपाध्याय ने सम्मान ठुकराते हुए कहा है कि 75 वर्ष के लंबे करियर के बाद अगर सरकार को लगता है कि वह पद्मश्री के लायक हैं, तो उन्हें यह सम्मान नहीं चाहिए। वाकई यह स्थिति नहीं बननी चाहिए थी, इससे एक खराब संदेश गया है। सम्मान देते हुए सरकारों को पूरी संवेदना और पारदर्शिता के साथ तमाम पहलुओं पर विचार करना चाहिए, ताकि प्रादेशिक या राष्ट्रीय सम्मान किसी को अपमान की तरह न महसूस हो।

> “ सम्मान की खुशी के साथ छटांक भर दुख या नाराजगी भी हर बार आ ही जाती है। गौर करने की बात है कि सीपीएम नेता और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहे बुद्धदेब भट्टाचार्य समेत तीन हस्तियों ने सम्मान लेने से मना कर दिया है। यह संयोग ही है कि ये तीनों हस्तियां पश्चिम बंगाल से आती हैं। लगता है, वामपंथी नेता बुद्धदेब भट्टाचार्य ने राजनीतिक मतभेद की वजह से ही सम्मान लेने से मना किया है।

> “ नए बजट में वित्त मंत्री को नौकरी-पेशा वर्ग के लोगों के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन की सीमा 75 हजार रुपये तक बढ़ानी चाहिए। इसी तरह, मौजूदा समय में धारा 80सी के तहत 1.5 लाख रुपये की छूट मिलती है, जिसमें ईपीएफ, पीपीएफ, एनएससी, जीवन बीमा, बच्चों की ट्यूशन फीस और आवास ऋण का मूलधन भुगतान भी शामिल है। मकानों की बढ़ती हुई कीमत को देखते हुए धारा 80सी के तहत 1.5 लाख रुपये की छूट पर्याप्त नहीं है।

# कर सुधार को गति देने का समय

जयंतीलाल भंडारी, अर्थशास्त्री




कोविड-19 से पिछले दो वर्षों में छोटे आयकरदाताओं और मध्यम वर्ग की आर्थिक चुनौतियां खासा बढ़ गई हैं। ऐसे में, कर संग्रह में उछाल के बीच 1 फरवरी को जब केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वर्ष 2022-23 का बजट पेश करेंगी, तो व्यक्तिगत आयकर के मोर्चे पर वह बड़ी छूट का एलान कर सकती हैं। उम्मीद की जा रही है कि वित्त मंत्री छोटे आयकरदाताओं और मध्यम वर्ग को राहत देते हुए इनकी क्रयशक्ति बढ़ाकर मांग में वृद्धि करने की रणनीति अपना सकती हैं।

इसमें दो मत नहीं है कि पिछले दो वर्षों में कोरोना संकट के कारण एक तरफ जहां बड़ी संख्या में लोगों के रोजगार गए, उनके वेतन-पारिश्रमिक में कटौती हुई और 'वर्क फ्रॉम होम' की वजह से टैक्स में छूट के कुछ माध्यम कम हो गए, तो वहीं दूसरी तरफ डिजिटल तकनीक, ब्रॉडबैंड, बिजली के बिल जैसे खर्चों में बढ़ोतरी से बड़ी संख्या में छोटे करदाताओं की आमदनी घट गई। इन दिनों महंगाई भी बढ़ गई है। दिसंबर 2021 में थोक महंगाई दर गिरकर 13.56 फीसदी पर रही, जबकि उसी महीने में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 5.59 फीसदी पर पहुंच गई। पेट्रोल और डीजल की कीमतें भी ऊंची हैं। चूंकि कोरोना के कारण पैदा हुए आर्थिक हालात से लड़ने और छोटे करदाताओं व मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति बढ़ाने के लिए पिछले वर्ष के बजट में कोई बड़ी राहत नहीं दी गई थी, इसलिए इस बार उम्मीद है कि सरकार टैक्स का बोझ कम करने के लिए अभूतपूर्व प्रोत्साहन दे सकती है।

छोटे करदाताओं व मध्यम वर्ग की मुश्किलों के बीच आयकर के पुराने स्लैब के पुन: निर्धारण की आवश्यकता खूब महसूस की जा रही है। आयकरदाताओं को राहत देते हुए सरकार को टैक्स छूट की सीमा दोगुनी कर पांच लाख रुपये कर देनी चाहिए। नए बजट में वित्त मंत्री को नौकरी-पेशा वर्ग के लोगों के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन की सीमा 75 हजार रुपये तक बढ़ानी चाहिए। इसी तरह, मौजूदा समय में धारा 80सी के तहत 1.5 लाख रुपये की छूट मिलती है, जिसमें ईपीएफ, पीपीएफ, एनएससी, जीवन बीमा, बच्चों की ट्यूशन फीस और आवास ऋण का मूलधन भुगतान भी शामिल है। मकानों की बढ़ती हुई कीमत को देखते हुए धारा 80सी के तहत 1.5 लाख रुपये की छूट पर्याप्त नहीं है। इस छूट की सीमा तीन लाख रुपये तक की जानी चाहिए। इससे बचत को लेकर लोग ज्यादा उत्सुक होंगे, क्योंकि कई टैक्स सेविंग्स निवेश इस सेक्शन के तहत आते हैं। इसी तरह, घर खरीदने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार को बजट में आवास ऋण के ब्याज पर टैक्स छूट का दायरा बढ़ाना चाहिए और इसकी सीमा दो लाख रुपये से बढ़ाकर चार लाख रुपये कर देनी चाहिए। इससे मकानों की ब्रिकी में तेजी आने की संभावना होगी।

सरकार द्वारा आयकर अधिनियम की धारा 80डी के तहत कर कटौती की सीमा को भी बढ़ाना चाहिए। चूंकि अभी भी कोरोना की चुनौतियों के बावजूद देश में स्वास्थ्य बीमा अधिक चलन में नहीं है और अधिकतर लोगों के स्वास्थ्य बीमे का कवर कोरोना वायरस के कारण अस्पताल के खर्चे से निपटने के लिए पर्याप्त नहीं है, इसलिए 80डी के तहत स्वास्थ्य बीमा के प्रीमियम पर कर छूट को बढ़ाना चाहिए, ताकि करदाता स्वास्थ्य बीमा की तरफ प्रेरित हों। स्वास्थ्य बीमा को सस्ता किया जाना भी जरूरी है। इस पर 18 फीसदी जीएसटी है, जिसे कम किया जाना चाहिए। देश में करीब 14 करोड़ वरिष्ठ नागरिक हैं, जिनमें से अधिकांश छोटी बचत योजनाओं के ब्याज पर निर्भर होते हैं। चूंकि उन पर ब्याज दर घटा दी गई है, इसलिए बजट में वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयकर की छूट सीमा बढ़ाकर उनको राहत देनी चाहिए।

निश्चित रूप से नए बजट के माध्यम से आयकर सुधारों को गतिशील किया जाना जरूरी है। वर्ष 2020 से आयकर विभाग ने करदाता चार्टर (टैक्सपेयर चार्टर), पहचान रहित समीक्षा (फेसलेस असेसमेंट) और पहचान रहित अपील (फेसलेस अपील) व्यवस्था लागू की है। ऐसे में, अब नए बजट से कर वंचना रोकने के प्रयास करने होंगे। बहुत सारे लोग अच्छी आमदनी के बावजूद आयकर का भुगतान नहीं करते। उनके कर न देने का भार ईमानदार करदाताओं पर पड़ता है। चूंकि वेतनभोगी-वर्ग नियमानुसार अपने वेतन पर ईमानदारीपूर्वक आयकर चुकाता है, इसलिए अच्छी आमदनी के बावजूद आयकर नहीं देने वालों को जांच के दायरे में लाने के लिए आयकर विभाग को वित्तीय लेन-देन की जानकारी के विस्तार के अधिक कारगर प्रयास करने होंगे।

इसमें कोई दो मत नहीं है कि मोदी सरकार ने काले धन और बेनामी लेन-देन का पता लगाने के लिए महत्वपूर्ण कानून बनाए हैं। आयकर अधिकारियों को अब यह अधिकार दे दिया गया है कि अगर उनके पास किसी करदाता के बारे में ऐसी सूचना है कि उसने बीते तीन वर्षों में आय का आकलन छिपाया है, तो वे गहन आयकर जांच कर सकते हैं। चालू वित्त वर्ष 2021-22 में आयकर विभाग ने रिकॉर्ड तादाद में जांच करते हुए अघोषित आय मालूम भी की है। लेकिन अभी और अधिक आयकर जांच और तलाशी की जरूरत बनी हुई है।

सरकार द्वारा बजट के तहत नए डायरेक्ट टैक्स कोड और नए इनकम टैक्स कानून बनाने के कार्य को भी सुनिश्चित करना होगा। मोदी सरकार ने नवंबर 2017 में नई प्रत्यक्ष कर संहिता के लिए अखिलेश रंजन की अध्यक्षता में जिस टास्क फोर्स का गठन किया था, उसने अपनी रिपोर्ट 19 अगस्त, 2019 को सरकार को सौंप दी थी। इस रिपोर्ट में प्रत्यक्ष कर कानूनों में व्यापक बदलाव और वर्तमान आयकर कानून को हटाकर नए सरल व प्रभावी आयकर कानून लागू करने संबंधी कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए हैं। रंजन समिति की रिपोर्ट के मद्देनजर नए डायरेक्ट टैक्स कोड और नए इनकम टैक्स कानून को भी शीघ्र आकार देकर देश में कर सुधारों का नया चमकीला अध्याय लिखा जा सकता है।

जाहिर है, यह उम्मीद बेमानी नहीं है कि वित्त मंत्री 1 फरवरी को बजट पेश करते हुए कोरोना महामारी व उसके बाद करदाताओं और मध्यम वर्ग की आर्थिक मुश्किलों को ध्यान में रखते हुए इस वर्ग को संतोषप्रद राहत दे सकती हैं। कहने की आवश्यकता नहीं कि इससे इन वर्गों की क्रयशक्ति बढ़ेगी, नई मांग पैदा होगी और देश की अर्थव्यवस्था गतिशील होगी।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# पाकिस्तानी शीर्ष अदालत में पहली महिला जज के मायने

रमेश ठाकुर, स्वतंत्र पत्रकार



बंदिशों की बेड़ियां तोड़ने के लिए पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में चमत्कार हुआ है। ऐसा चमत्कार, जिसकी किसी ने कल्पना तक नहीं की होगी। इतिहास की किताब में एक नया अध्याय जुड़ा है, जिसकी वाहक एक महिला बनी है। पाक सुप्रीम कोर्ट में पहली मर्तबा कोई महिला जज नियुक्त हुई हैं। बुरके-परदे में अपना समूचा जीवन जीने वाली पाकिस्तानी महिलाओं को जस्टिस आयशा मलिक की ताजपोशी ने उम्मीदों का नया संबल दिया है। सभी जानते हैं कि पाकिस्तान में महिलाओं को सिर्फ भोग की वस्तु समझा जाता है। उनका हक दिलाने की आज तक किसी ने कोशिश तक नहीं की है।

पूरी दुनिया वाकिफ है कि पाकिस्तान की महिलाओं के अधिकारों को कैसे सरेआम रौंदा जाता है। वहां कुछ समाजों में महिलाओं के घर से बाहर निकलने की भी मनाही रही है। जो कार्य पुरुष करते हों, उसे कोई महिला करे, यह वहां के मुल्ला-मौलवियों को कभी नहीं भाया है। किसी महिला ने हिम्मत दिखाई भी, तो उसके खिलाफ फतवा या कठोर बंदिशें लगा दी जाती रही हैं। केवल पढ़ने की कोशिश में मलाला के साथ क्या हुआ था, यह दुनिया जानती है। लेकिन आयशा शायद अनेक पुरानी कुप्रथाओं को बदल पाएंगी। उनकी नियुक्ति महिलाओं को संबल देगी, आगे बढ़ने को प्रेरित करेगी, पहाड़ की भांति हिम्मत का संदेश देगी, हौसला अफजाई तो करेगी ही।

दरअसल, यही तो वहां की महिलाओं को चाहिए था, जिसे वहां की हुकूमत ने आज तक नहीं दिया। पाकिस्तान का सुप्रीम कोर्ट इस्लामी गणराज्य का सर्वोच्च न्यायालय जरूर रहा है, पर वहां न्यायिक व्यवस्था में भी सत्ता के अनुरूप हमेशा से भेदभाव हुआ है। कई बार शरिया कानून को मान्यता ज्यादा दी गई है, जो सदैव पाकिस्तानी न्यायिक क्रम का शिखर बिंदु रहा है। वहां की आधी आबादी से संबंध रखने वाली बदहाली की दर्दनाक तस्वीरें जब दिमाग में उमड़ती हैं, तो लगता है कि कट्टर इस्लामी मुल्क में एक महिला का सुप्रीम कोर्ट में जज बन जाना अपने आप में करिश्मा है।

जज बनने से पहले भी आयशा मलिक अपने काम को लेकर चर्चा में रही हैं। अपने स्वाभिमान से उन्होंने कभी समझौता नहीं किया। उनका नाम आज से दस साल पहले तब सामने आया था, जब उन्होंने भारतीय कैदी सरबजीत सिंह के पक्ष में बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि उनका केस न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे बढ़े, इसमें राजनीति नहीं होनी चाहिए। उनके बयान पर तब पाकिस्तान में बड़ा बवाल हुआ था। विरोधियों ने उन्हें भारत जाने तक को कह दिया था। बहरहाल, जस्टिस आयशा मलिक का छुटपुट विरोध अब भी हो रहा है, पर उन्होंने पदग्रहण कर लिया है। महिलाओं से जुड़े मामलों को वह मुख्य रूप से देखा करेंगी। उनकी ताजपोशी से अब वहां की निचली अदालतों में भी महिला जजों की संख्या में इजाफा होगा। पाकिस्तान की संसदीय समिति ने भी आयशा की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनसे महिलाओं को बहुत उम्मीदें हैं, उन्हें स्वतंत्रता से काम करने दिया जाएगा।

आयशा के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालें, तो पता चलता है कि वह कठिन हालात में साधारण परिवार से निकली हैं। आयशा कराची के एक छोटे गांव अब्बू हरदा में 3 जून,1966 को जन्मी थीं। गांव के ही सरकारी स्कूल से शुरुआती शिक्षा ग्रहण करने के बाद कराची के गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स ऐंड इकोनॉमिक्स से स्नातक किया था। लॉ की पढ़ाई उन्होंने लाहौर के 'कॉलेज ऑफ लॉ' से की थी। उसके बाद उन्होंने अमेरिका में मेसाच्यूसेट्स के हॉवर्ड स्कूल ऑफ लॉ से भी शिक्षा प्राप्त की। अपनी पढ़ाई का खर्च निकालने के लिए वह बच्चों को ट्यूशन देती थीं। आयशा को 1998-1999 में 'लंदन एच गैमोन फेलो' के लिए चुना गया।

पढ़ाई पूरी करने के बाद वह अमेरिका में भी अपना करियर शुरू कर सकती थीं, लेकिन उनको अपने यहां महिलाओं की बदहाली को दूर करना था। आयशा अमेरिका से 2003 में पाकिस्तान लौट आईं। वहां से आने के बाद उन्होंने कराची की निचली अदालत में वकालत शुरू की। बीते एक दशक से उन्होंने खूब नाम कमाया व मशहूर कानूनी फर्मों के साथ जुड़कर कई नामी मुकदमों को सुलझाया। आज वह पाकिस्तान में विधि की दुनिया का एक चमकता हुआ नाम हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि आयशा के जरिये मुस्लिम देशों का नजरिया बदलेगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

### श्रीमती अंजली जैन की कलम से...



न इस पार, न उस पार नैय्या मेरी मझधार में हैं, प्रभु तू बचा ले, कश्ती मेरी।

-अंजली जैन
7024460938





स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239































## खास खबर



### दुर्ग-भिलाई के जंक्शन पर नया ट्रैफिक आईलैंड का निर्माण, बनेगा सुंदर गार्डन : वोरा

**दुर्ग।** जीई रोड के उन्नयन और सौदर्यीकरण कार्य के तहत नेहरुनगर स्थित यातायात कार्यालय के सामने ट्रैफिक आईलैंड का निर्माण नए सिरे से किया जाएगा। वरिष्ठ विधायक अरुण वोरा ने आज कार्यस्थल का निरीक्षण किया। पीडब्ल्यूडी अफसरों को यह कार्य तत्काल शुरु करने के निर्देश दिए। अफसरों ने बताया कि वर्तमान में ट्रैफिक आईलैंड को तोड़कर चौड़ीकरण सड़क पर व्यवस्थित आईलैंड का निर्माण किया जाएगा। वोरा ने यहां नेशनल हाईवे और जीई रोड में ट्रैफिक डायवर्ट होने के कारण ट्रैफिक इंजीनियरिंग के मापदंडो का पालन करते हुए आईलैंड का निर्माण करने कहा। ट्रैफिक आईलैंड को व्यवस्थित बनाने के साथ ही यहां डोम बनाने के भी निर्देश दिए। ताकि यातायात विभाग के आरक्षकों को चिलचिलाती धूप और बारिश से राहत मिल सके। नेहरुनगर में चल रहे कार्यो का निरीक्षण करने के बाद वोदा ने दुर्ग के फिल्टर प्लाट परिसर के सामने प्रस्तावित गार्डन निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। इसी गार्डन में पूर्व मुख्यमंत्री मोतीलाल वोरा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। उन्होने कहा कि गार्डन निर्माण कार्य के लिए लेवलिंग का कार्य शुरु करने के बाद अब सिविल वर्क और सौदर्यीकरण के कार्य तत्काल शुरु होगें। सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयसीमा के भीतर पूरे किए जाएं। इस दौरान महापौर धीरज बाकलीवाल, एल्डरमेन राजेश शर्मा, पीडब्ल्यूडी एसडीओ सीएस ओगरे, सबइंजीनियर गगन जैन, कांट्रेक्टर करण छाबड़ा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# कबीरधाम जिले में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

श्रीकंचनपथ न्यूज

कवर्धा। कवर्धा जिला मुख्यालय के पीजीकॉलेज मैदान में 73वीं गणतंत्र दिवस समारोह उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, बीस सूत्रीय कार्यान्वयन, वाणिज्यक कर (जीएसटी) एवं कबीरधाम जिले के प्रभारी मंत्री टीएस सिंहदेव ने ध्वजारोहण किया।

## कैबिनेट मंत्री टीएस सिंह देव ने कवर्धा के मुख्य समारोह में ध्वजारोहण किया और जनता को मुख्यमंत्री का संदेश दिया



ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रीय गान एवं पुलिस जवानों की बैंड के राष्ट्रगान के धुन पर राष्ट्रीय सलामी दी गई। मुख्य अतिथि द्वारा जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। मुख्य अतिथि ने शांति के प्रतीक सफेद कबूतर और उल्लास के प्रतिक रंगबिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़े। इस अवसर पर सशस्त्र प्लाटून, जिला पुलिस बल एवं नगर सेना के होमगार्ड के जवानों ने मुख्य अतिथि को सलामी दी। कोविड-19 कोरोना वायरस के संक्रमण को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष समारोह में विशेष सावधानी बरती गई तथा भारत सरकार गृह मंत्रालय एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सभी दिशा निर्देशों का पालन किया गया। मंच पर मुख्य अतिथि के साथ कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा और पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। गणतंत्र दिवस समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष सुशीला भट्ट, नीलकंठ चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, उपाध्यक्ष जमील खान, कलीम खान, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष विरेन्द्र साहू, कन्हैया अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी, सनत जायसवाल, पंकज रामकुमार भट्ट, सिंह, आशीष अवस्थी, पार्षद अशोक सिंह, मोहित महेश्वरी, भीखम कोसले, सुनील साहू, कन्नू सोनी, प्रशांत परिहार, राजेश शुक्ला, काशीनाथ सिंह सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारीगण जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, वनमंडलाधिकारी चुनामणी सिंह, अपर कलेक्टर बीएसउइके, कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर के निज सहायक कीर्तन शुक्ला, एएसपी मनीषा ठाकुर रावटे, संयुक्त कलेक्टर सुश्री दिप्ती गोते, डिप्टी कलेक्टर रेखा चंद्रा, एसडीएम विनय सोनी एवं मीडिया प्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित थे। मंच संचालन आदित्य श्रीवास्तव, अवधेश श्रीवास्तव और मीरा देवांगन द्वारा किया गया।

## गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने जिला मुख्यालय महासमुंद में फहराया झंडा

### शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित



**रायपुर।** गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने जिला मुख्यालय महासमुंद में आयोजित मुख्य गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्रीय झंडा फहराया। परेड की सलामी लेने के बाद मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन किया। मंत्री श्री साहू ने हर्ष और उल्लास के प्रतीक रंगीन गुब्बारें आकाश में छोड़े। इस अवसर पर कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर, वनमण्डलाधिकारी पंकज राजपूत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेघा टेम्भुलकर एवं अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में कोविड-19 के गाईड-लाईन का पालन किया गया। गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने समारोह में उपस्थित उन्नीस शहीदों के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही जिला और पुलिस प्रशासन के 60 उत्कृष्ट कार्य करनें वालें अधिकारी-कर्मचारी और जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया।

# सीएम बघेल का एलान: मजदूरों की पहली दो बेटियों को उनकी शिक्षा और रोजगार के लिए मिलेगी वित्तीय सहायता

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को कहा कि लड़कियों के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी जिसके तहत मजदूरों की पहली दो बेटियों को उनकी शिक्षा और रोजगार के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। राज्य सरकार अपने कर्मचारियों की कार्य कुशलता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए पांच दिवसीय सप्ताह की कार्यप्रणाली भी लागू करेगी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में मुख्यमंत्री के हवाले से कहा गया है कि कर्मचारी अंशदायी पेंशन योजना के तहत राज्य सरकार का योगदान 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत किया जाएगा।

सीएम बघेल 73वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद जगदलपुर के लालबाग परेड मैदान में आयोजित एक समारोह में बोल रहे थे। जगदलपुर बस्तर जिले का मुख्यालय है, जो राज्य की राजधानी रायपुर से 300 किमी दूर स्थित है। विज्ञप्ति में बघेल के हवाले से कहा गया है कि मजदूर परिवारों की बेटियों को शिक्षा, रोजगार, स्वरोजगार और शादी में सहयोग देने के लिए राज्य में मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना (मुख्यमंत्री बालिका अधिकारिता सहायता योजना) शुरू की जाएगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि नई योजना के तहत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड में पंजीकृत मजदूरों की पहली दो बेटियों में से प्रत्येक के बैंक खाते में 20-20 हजार रुपये की राशि जमा की जाएगी। सीएम ने कहा कि राज्य के हर जिले में 'महिला सुरक्षा प्रकोष्ठ' का गठन किया जाएगा। बघेल ने यह भी कहा कि सभी अनियमित भवन निर्माणों को नियमित करने के लिए इस वर्ष एक सरल और पारदर्शी कानून बनाया जाएगा और आवासीय क्षेत्रों में संचालित व्यावसायिक गतिविधियों को नियमित करने के लिए जरूरी प्रावधान किए जाएंगे।

### दवाओं की मूल्य सूची पुस्तिका का विमोचन

# जेनेरिक दवाओं पर मिल रही 62 प्रतिशत से लेकर 72 प्रतिशत तक की छूट

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में नगर निगम रायपुर के अंतर्गत संचालित श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर की दवाई रेट लिस्ट एवं मेडिकल आइटम सूची का विमोचन किया। इस अवसर पर नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर ने मुख्यमंत्री को बताया कि किफायती दरों पर लोगों को दवाइयां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल योजना की बढ़ती हुई लोकप्रियता को देखते हुए अब नगर निगम रायपुर क्षेत्र में श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स का विस्तार करने के साथ ही दवाओं पर मिल रही छूट का दायरा भी बढ़ाया जा रहा है।



मेडिकल स्टोर्स के लिए ना केवल बड़ी संख्या में सेवा प्रदाता आगे आ रहे हैं, बल्कि दवाइयों के मूल्य में छूट को लेकर उनमें प्रतिस्पर्धा भी बढ़ी है। रायपुर नगर निगम क्षेत्र में अब दूसरे चरण में 5 और जगहों पर जेनेरिक मेडिकल दुकानें क्रमश: अंतर राज्यीय बस स्टैंड, मेकाहारा के पास, केनाल लिंकिंग रोड, पुरानी बस्ती थाना के पास एवं आयुर्वेदिक कॉलेज के पास प्रारंभ की जा रही है , जिनमें 72 प्रतिशत छूट के साथ दवाइयां उपलब्ध होंगी। पहले चरण में नगर निगम रायपुर में दो दुकानें सुभाष स्टेडियम एवं अमलीडीह मर खोली गई ,जिनमें 62 प्रतिशत छूट के साथ दवाइयां दी जा रही हैं। श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर की बुकलेट में रायपुर नगर निगम क्षेत्र में संचालित सभी जेनेरिक मेडिकल दुकानों के पूरे पते सहित किस बीमारी के इलाज के लिए कौन सी दवाई व सामान उपलब्ध होगा, इस संबंध में आसान भाषा में जानकारी दी गई है। बीमारी से संबंधित दवाई का प्रकार, दवाई का नाम, एमआरपी मूल्य और छूट देने के बाद दवा की कीमत को चार्ट के माध्यम से बुकलेट में प्रदर्शित है। साथ ही गूगल मैप के द्वारा श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर का पता खोजने और मेडिकल स्टोर हेल्पलाइन संबंधित जानकारी के साथ ही जिन फार्मा कंपनियों की दवाई और मेडिकल सामान यहां उपलब्ध रहेंगे, उनके नाम भी सूचीबद्ध किए गए हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर की दवाई रेट लिस्ट एवं मेडिकल आइटम सूची के प्रकाशन पर रायपुर नगर निगम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

उल्लेखनीय है कि लोगों को सस्ती दरों में दवाई उपलब्ध कराने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने रायपुर समेत प्रदेश के कई स्थानों में श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर की शुरुआत की है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा संचालित श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना में 251 प्रकार की जेनेरिक दवाइयां तथा 27 सर्जिकल उत्पाद की बिक्री अनिवार्य रखी गई है। इसके अलावा वन विभाग के संजीवनी के उत्पाद, सौंदर्य प्रसाधन उत्पाद और शिशु आहार आदि के विक्रय का भी प्रावधान है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले 45 को प्रशस्ति पत्र प्रदाय कर किया जाएगा सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज



**धमतरी।** जिला मुख्यालय में स्थानीय डॉ. शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के एकलव्य खेल मैदान में आयोजित होने वाले 73 वें गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कुल 45 अधिकारी, कर्मचारी और अन्य को कार्यक्रम की मुख्य अतिथि धरसींवा विधायक श्रीमती अनिता शर्मा द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदाय कर मंच से सम्मानित किया जाएगा। इनमें पशु चिकित्सा विभाग से सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी अर्जुनी अनमोल रत्न पाईक, पशु औषधालय घठुला, नगरी एनएसध्रुव, परिचारक, सोरम महेश्वरी सिन्हा, मगरलोड स्थित सिंगपुर के पुनेश महिलांग, घठुला (नगरी) के खिलेश साहू शामिल हैं। इसी तरह जनसम्पर्क विभाग के सहायक ग्रेड 01 देवन्त कुमार ध्रुव, नगर सेना एवं अग्निशमन विभाग से लीडिंग फायरमेन नरेन्द्र राव शिंदे, अग्निशमन वाहन चालक दिलीप निषाद, सैनिक वासुदेव सिन्हा, कैलाश कुमार, अनिल कुमार को प्रशास्ति पत्र प्रदाय किया जाएगा।

इसी तरह रेडक्रॉस सोसायटी से सहायक ग्रेड 02 लोकेश कुमार बाघमार, व्याख्याता दिव्यांशु देवांगन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग जनपद पंचायत कुरूद के सहायक विकास विस्तार अधिकारी सुरजभान साहू और बिहान के यंग प्रोफेशनल फागुराम साहू तथा क्रेडा विभाग से मैकेनिक ओमकार साहू का सम्मान किया जाएगा। जिला चिकित्सालय से वार्ड बॉय टाईगर साहू, हितेश भाण्डगे, संजीव निर्मलकर एमएलटी तरूण कुमार साहू, आरएचओ मुकेश कुमार साहू, रेखा साहू, अंजनी सिन्हा, जिला जेल के प्रहरी मुकुंद राम रत्नेन्द्र, भगवान दास राजवाड़े को प्रशस्ति पत्र प्रदाय किया जाएगा। साथ ही पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग जनपद पंचायत नगरी के सहायक आंतरिक लेखा परीक्षक एवं करारोपण अधिकारी सुरेन्द्र कुमार नेताम, ग्राम पंचायत मौहाबाहरा के रोजगार सहायक श्यामसुंदर नेताम, भोथापारा के राजेश कुमार नागवंशी, ग्रामीण बैंक दुगली की बैंक मित्र कुमारी हेमा नेताम, सांकरा क्लस्टर की तारणा साहू को सम्मानित किया जाएगा। इसी तरह आदिवासी विकास विभाग से आदिवासी छात्रावास बोरई की अधीक्षिका अंबिका मरकाम, प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास रिसगांव के अधीक्षक कुमार सिंह ध्रुव और बालक छात्रावास धमतरी के एनके कंवर तथा स्कूल शिक्षा विभाग से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरेतरा के व्याख्याता एलबी रोहित कुमार साहू को प्रशस्ति पत्र प्रदाय कर सम्मानित किया जाएगा।

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की ओर से प्रथम एजुकेशन फाउण्डेशन तथा राजस्व विभाग से कम्प्यूटर ऑपरेटर उमाशरण साहू और जिला खनिज संस्थान न्यास धमतरी के मनीष कुमार यादव को मुख्य समारोह स्थल में मंच से प्रशस्ति पत्र प्रदाय कर सम्मानित किया जाएगा। नगरपालिक निगम धमतरी से मणिकंचन सुपरवाईजर रोशनी नायक, वार्ड सुपरवाईजर राजेन्द्र नाग, स्वच्छता दीदी दुरपती जांगड़े, सफाई कर्मचारी सुरेन्द्र वाल्मिकी, पुलिस विभाग से सहायक उप निरीक्षक संतोषी नेताम, आरक्षक भावसिंह पाटिल, योगेश ध्रुव और महिला आरक्षक कुमारी तनुजा कंवर को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पर प्रदाय कर सम्मानित किया गया।

### समाज के जागरूक होने पर नारकोटिक्स एवं ड्रग्स को नियंत्रित करने में सफलता मिलेगी - रविन्द्र चौबे

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय कार्य, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी, पशुधन विकास, मछलीपालन, जल संसाधन एवं आयाकट विभाग मंत्री रविन्द्र चौबे ने यातायात पुलिस कार्यालय में 'निजात' नारकोटिक्स एवं ड्रग्स के खिलाफ अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चौबे ने कहा कि सीएम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में नशे के संबंध में कार्रवाई करने के लिए कलेक्टर एवं एसपी को सख्त निर्देश दिए गए हैं। राजनांदगांव में नशे के खिलाफआयोजित निजात अभियान एक अच्छी पहल है जिसमें जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, न्यायिक प्रशासन एवं नागरिक एक साथ जुड़ रहे हैं।



















## खास खबर

### नमक से दूर होगी सरसों में लगने वाली मरगोजा की बीमारी

**रायपुर ( ए )।** आज से दस साल पहले हर घर की सब्जियों में डालने वाले साधारण खड़ा नमक की मदद से अब रुखड़ी (मरगोजा) नामक परजीवी से सरसों की फसलों को बचाया जा सकेगा। यदि किसान सरसों की फसल में रासायनिक दवाई का स्प्रे करता है तो मित्र कीटो के मरने का खतरा रहता हैं। परंतु अब सिर्फ किसान नमक के घोल स्प्रे कर सरसों और मित्र कीटो को बचा सकेंगे। बेमेतरा जिले नवागढ़ के युवा किसान किशोर राजपूत ने अपने खेतों में इसका प्रयोग किया जो सफल साबित हुआ है।

रबी फसल के सीजन में किसानों को सरसों की फसल बुआई के साथ ही मरगोजा का डर सताने लगता है, क्योंकि मरगोजा नामक यह परजीवी सरसों की पैदावार को काफी हद तक कम कर देता है। सरसों की फसल अक्टूबर माह में बोई जाती है जबकि रुखड़ी (मरगोजा) का पता जनवरी में जाकर पता चलता है।

तब तक काफी देर हो चुकी होती है तथा मरगोजा सरसों के पौधे को पूरी तरह से अपने आगोश में लेकर उसकी वृद्धि को रोक देता है। इस कारण किसान की मेहनत पर न सिर्फ पानी फिर जाता है बल्कि फसल की बुआई से कटाई तक लेकर आर्थिक तौर पर किसान को नुकसान झेलना पड़ता है।

आमतौर पर यह माना जाता है कि मौसम फसल के माफिक हो तो सरसों की पैदावार 7 से 8 क्यूंटल प्रति एकड़ होती है। लेकिन जब सरसों की फसल मरगोजा की चपेट में आती है तो पैदावार गिरकर 4 से 5 क्यूंटल तक आ जाती है। नवागढ़ क्षेत्र में करीब दस साल पहले इस बीमारी का पता चला था। तब से यह किसानों के लिए नासूर बनी हुई थी। इससे पहले किसानों को यही सलाह दी जाती कि फसल चक्र को बदलकर ही इससे पीछा छुड़वाया जा सकता है। कुछ किसानों ने इसे खेत से उखाड़ने तथा इसके बीजों को चुन चुनकर खेतों से दूर ले जाकर जलाने की कोशिश की परंतु उन्हें कामयाबी नहीं मिली।

### कृषि विज्ञान केंद्र में अब ड्रग टेस्टिंग लैब, अंतरराष्ट्रीय स्तर की सभी जरूरी सुविधाएं मिलेगी

**रायपुर ( ए )।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय और उनके कृषि अनुसंधान केंद्रों में अब ड्रग टेस्टिंग प्रयोगशाला होगी। यहां खाद्य पदार्थों, आयुर्वेदिक उत्पाद, पर्सनल केयर सहित दैनिक उपयोग की अन्य वस्तुओं के प्रयोगशाला परीक्षण (टेस्टिंग) की सुविधा जल्द ही मिलेगी। इसके लिए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र, खाद्य विभाग के कालीबाड़ी स्थित परीक्षण-प्रयोगशाला और आयुर्वेदिक कालेज रायपुर के ड्रग टेस्टिंग प्रयोगशाला और अनुसंधान केंद्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर की सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इन प्रयोगशालाओं के जरिए सर्टिफिकेशन का कार्य भी किया जाएगा। राज्य के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए इस संबंध में बैठक ली और अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

### राज्यपाल ने राजधानी में आयोजित मुख्य समारोह में किया ध्वजारोहण

# संविधान के छत्रछाया में सात दशकों तक सर्वांगीण विकास हुआ, सभी के हितों की सुरक्षा की गई : राज्यपाल उइके

### प्रदेश सरकार ने जन सुविधाओं के लिए प्रशासन को संवेदनशील बनाने हेतु अनेक कदम उठाए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में 73 वें गणतंत्र दिवस के अवसर आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। साथ ही राष्ट्रीय ध्वज एवं राज्यपाल को गार्ड ऑफऑनर दिया गया। सुश्री उइके ने आसमान में तिरंगे के गुब्बारे भी छोड़े। इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन और डीजीपी अशोक जुनेजा उपस्थित थे।





इस गार्ड ऑफ ऑनर में बीएसएफ, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, छसबल पुरूष, छसबल महिला, नगर सेना पुरूष, नगर सेना महिला, बैंड के प्लाटून शामिल थे। परेड का नेतृत्व परिवीक्षाधीन भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी स्मृतिक राजनाला ने किया। सेकंड ऑफिसर इन कमांड के रूप में परिवीक्षाधीन भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी विकास कुमार थे। राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि इसी दिन 26 जनवरी 1950 को हमारा गौरवशाली संविधान लागू हुआ था। इसी महान दिन हम भारत के लोगों को अधिकारों की शक्ति मिली थी। इस तरह यह दिन प्रत्येक भारतवासी को अपनी पहचान मिलने का दिन है। इस अवसर पर मैं आप सभी का हार्दिक अभिनंदन करती हूं। हमारे प्रधानमंत्री की पहल पर स्वतंत्रता सेनानियों को स्मरण करने के लिए हम आजादी का अमृत महोत्सव पर्व मना रहे हैं जिसमें हमारे स्वतंत्रता सेनानियों को स्मरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नवनिर्माण का पहला सोपान देश को मिली आजादी थी, इसलिए सबसे पहले मैं आजादी दिलाने वाले समस्त महान योद्धाओं को नमन करती हूं। मैं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू, प्रथम विधि मंत्री बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर, प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के माध्यम से उस पूरी पीढ़ी का पावन स्मरण करती हूं जिन्होंने आजाद देश के लिए नए संविधान और विकास की नई दिशाओं की बुनियाद रखी। राज्यपाल ने कहा-हमारा संविधान कहता है कि प्रत्येक नागरिक को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता है। सभी को प्रतिष्ठा और अवसर की समानता का अधिकार है। मैं बड़े ही गर्व के साथ यह कहती हूं कि हमारे संविधान की छत्र-छाया में हमने जिस तरह सात दशकों तक अपने हितों की सुरक्षा पाई, सर्वांगीण विकास किया, भविष्य में भी इसकी छत्र-छाया में हम निरंतर आगे बढ़ेंगे।

सुश्री उइके ने कहा कि मेरे प्रिय छत्तीसगढ़वासियों, मैं आप लोगों की प्रतिभा, लगन, निष्ठा, संघर्ष करने की क्षमता और विपरीत परिस्थितियों में भी जीतने की दृढ़ इच्छा-शक्ति से अभिभूत हूं। कोरोना महामारी के लंबे दौर में भी आप लोग मेरी सरकार के कदम से कदम मिलाकर चलते रहे और विश्वव्यापी निराशा के वक्त भी राज्य में आशा के दीपक जलाते रहे। ऐसे संकट के समय राहत और रोजगार के कारगर उपाय करना मेरी सरकार का सबसे बड़ा काम है और मुझे खुशी है कि मेरी सरकार ने अपनी भूमिका का निर्वाह पूरी संवेदनशीलता के साथ करने का प्रयास किया है।

संतोष का विषय है कि छत्तीसगढ़ में कृषि के साथ ग्रामीण और वन अंचलों में नए-नए रोजगार के अवसरों की अलख जगाई गई। मेरी सरकार की आकर्षक नीतियों और योजनाओं के कारण परम्परागत किसान और उनकी नई पीढ़ी अब फिर बड़े पैमाने पर खेती-किसानी के काम से जुड़े हैं। सरकारी, अर्द्धसरकारी, औद्योगिक तथा निजी क्षेत्र के दरवाजे नौकरी, रोजगार, स्वरोजगार के लिए खुले।

उन्होंने कहा कि उद्योग तथा कारोबार के क्षेत्र में भी अनेक रियायतें दी गईं। जन-सामान्य को भी अनेक तरह की आर्थिक राहत देकर उनकी क्रय शक्ति बढ़ाई गई। इस तरह से प्रदेश में अर्थव्यवस्था को संभाला गया जिसके कारण हर स्तर पर मनोबल मजबूत हुआ। इन प्रयासों के कारण छत्तीसगढ़ की बेरोजगारी दर तीन साल में दूसरी बार 2 प्रतिशत के निकट पहुंची है। पहले छत्तीसगढ़ की बेरोजगारी दर 22 प्रतिशत से अधिक थी जिसमें 20 प्रतिशत की गिरावट आना बहुत ही सुखद संकेत है।

उन्होंने कहा कि धान उत्पादक किसानों को संबल देकर छत्तीसगढ़ सरकार ने अपनी सबसे बड़ी जिम्मेदारी निभाई है। विगत वर्ष 92 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का कीर्तिमान बनाया गया था। दृढ़ इच्छा शक्ति के कारण, इस वर्ष फिर राज्य सरकार एक नया कीर्तिमान रचने की ओर बढ़ रही है। धान के समर्थन मूल्य के अलावा 'राजीव गांधी किसान न्याय योजना' के तहत अनुदान सहायता का लाभ भी दो वर्षों से दिया जा रहा है। इस योजना के दायरे में धान, गन्ना, मक्का, दलहन, तिलहन, सुगंधित फोर्टिफाइड धान, उद्यानिकी के अलावा कोदो, कुटकी और रागी जैसी लघु धान्य फसलों को भी शामिल किया गया है।

## राज्यपाल ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों और बहादुर बच्चों को किया सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** गणतंत्र दिवस समारोह रायपुर में पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने यहां पुलिस परेड ग्राउंड में 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। राज्यपाल ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को पदक अलंकरण से सम्मानित किया। इसके अलावा राज्यपाल ने राज्य वीरता पुरस्कार से कोरबा के मास्टर अमन ज्योति जाहिरे एवं धमतरी जिले के मास्टर शौर्य प्रताप चन्द्राकर धमतरी को सम्मानित किया।

राज्यपाल ने 21 पुलिस अधिकारियों को पुलिस वीरता पदक से सम्मानित किया। इनमें कमलोचन कश्यप वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीजापुर, सुरेश लकड़ा उप पुलिस अधीक्षक, 6 बटालियन रायगढ़, संजय पोटाम उप निरीक्षक, दंतेवाड़ा, लक्ष्मण केंवट निरीक्षक, राजनांदगांव, ओंकार सिंह दीवान उप निरीक्षक, कोण्डागांव, बीजाराम तामो प्रधान आरक्षक, बीजापुर, उमा शंकर राठौर निरीक्षक, रायपुर, चेतन लाल बेलेन्द्र प्रधान आरक्षक एसटीएफ बघेरा दुर्ग, मानिक लाल कोरेटी प्रधान आरक्षक सुकमा, मोहन लाल निषाद निरीक्षक बीजापुर, बृज लाल भरद्वाज निरीक्षक बिलासपुर, कमलेश कुमार रात्रे सहायक प्लाटून कमाण्डर एटीएफ बघेरा दुर्ग, सोमारू राम यादव आरक्षक सुकमा, आशीष सिंह राजपुत उप निरीक्षक बलौदाबाजार, इन्द्र कुमार शिवानी कम्पनी कमाण्डर एसटीएफ बघेरा दुर्ग, विन्टन कुमार साहू निरीक्षक बलौदाबाजार, अश्वनी राठौर उप निरीक्षक रायपुर, जीतेन्द्र




कुमार डहरिया उप निरीक्षक राजनांदगांव, दिनेश पुरेना उप निरीक्षक राजनांदगांव, विरासत कुजूर उप निरीक्षक बीजापुर, शहीद मुरली ताती सहायक उप निरीक्षक बस्तर है।

राज्यपाल सुश्री उइके ने विशिष्ट सेवा हेतु राष्ट्रपति के पुलिस पदक से उदयभान सिंह चौहान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सीआईडी पुलिस मुख्यालय रायपुर को सम्मानित किया। इसके साथ ही राज्यपाल ने 10 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचरियों को सराहनीय सेवा हेतु भारतीय पुलिस पदक से सम्मानित किया। इनमें यदुराम तिर्की उप पुलिस अधीक्षक एसटीएफ बघेरा दुर्ग, मनीष परमानंद उप पुलिस अधीक्षक विशेष शाखा सरगुजा, श्रीराम वर्मा सहायक सेनानी 15वीं बटालियन बीजापुर, डिलेश्वर प्रसाद साहू उप निरीक्षक रायगढ़, अवधेश कुमार चौहान उप निरीक्षक 22वीं बटालियन कांकेर, प्रेमसाय भगत सहायक उप निरीक्षक रायगढ़, दृगपाल प्रसाद तिवारी प्रधान आरक्षक जिला दुर्ग, प्रहलाद सिंह गागड़ा प्रधान आरक्षक विआशा जगदलपुर, मदनमोहन पटेल प्रधान आरक्षक 2री वाहिनी सकरी बिलासपुर, अवकाश राम नरेटी प्रधान आरक्षक जिला कांकेर शामिल है।

राज्यपाल सुश्री उइके ने 6 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को गृह रक्षक व नागरिक सुरक्षा पदक से सम्मानित किया। इनमें सुरेश प्रसाद गौतम चीफ इंस्ट्रक्टर नगर सेना रायपुर, मोती लाल साहू सब इंस्पेक्टर (एम) नगर सेना, रायपुर, भोगेन्द्र गोग हवलदार नगर सेना दंतेवाड़ा, जोधन लाल साहू हवलदार नगर सेना बलौदाबाजार, रेणु लोखेण्डे लांस नायक नगर सेना रायपुर, सुरेन्द्र देवांगन सैनिक नगर सेना राजनांदगांव है। राज्यपाल ने 7 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को यूनियन होम मिनिस्टर मेडल से सम्मानित किया। इनमें श्रीरोद्र कुमार साहू उप निरीक्षक पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय माना रायपुर, गंगा धुर्वे निरीक्षक पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय माना रायपुर, कन्हैया लाल यादव प्रधान आरक्षक 11 सीटीजेडब्ल्यू कॉलेज कांकेर, गंगा प्रसाद यादव प्रधान आरक्षक क्र.149 राज्य पुलिस अकादमी चंदखुरी, कन्हैया लाल यादव प्रधान आरक्षक 06 सीटीजेडब्ल्यू कॉलेज कांकेर, जीत कुमार देवांगन सूबेदार (अ) राज्य पुलिस अकादमी चंदखुरी रायपुर, कमलेश कुमार सोनबोईर उप निरीक्षक विद्यालय (अ) पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव शामिल है। इसके अलावा राज्यपाल ने दो जेल प्रहरियों को सराहनीय सुधार सेवा पदक से सम्मानित किया। इनमें संतराम पुरेना प्रहरी जिला जेल बेमेतरा, लेखराम धुरंधर प्रहरी केन्द्रीय जेल रायपुर शामिल है।

## कोविड के दौरान श्रेष्ठ योगदान देने के लिए एम्स रायपुर में चिकित्सकों को किया सम्मानित

**रायपुर ( ए )।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में स्थित एम्स में कोविड के दौरान श्रेष्ठ योगदान देने के लिए डाक्टरों को सम्मानित किया गया। इसके पहले एम्स रायपुर के निदेशक प्रो. (डाक्टर) नितिन एम. नागरकर ने तिरंगा ध्वज फहरा कर सभी को इस दिन के लिए शुभकामनाएं और बधाई दी। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में 73वां गणतंत्र दिवस देशभक्ति कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साह से भाग लिया और आकर्षक प्रस्तुति दी।



एम्स रायपुर निदेशक प्रो. (डाक्टर) नितिन एम. नागरकर ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संविधान देश की नींव है। यही गणतंत्र दिवस का प्रतीक है। वर्ष 2012 में एम्स की स्थापना के बाद से एम्स में चिकित्सा सेवा के साथ अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित कर निरंतर श्रेष्ठ प्रदर्शन का प्रयास किया जा रहा है। कोविड-19 के दौरान भी रोगियों को श्रेष्ठ उपचार प्रदान किया गया। एम्स परिवार ने कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की भावना के साथ दो वर्ष से अधिक समय तक सेवाभाव से रोगियों और स्वजनों का भरोसा जीता है। उन्होंने चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफका आह्वान किया कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार सेवाएं प्रदान करें।

प्रो. नागरकर ने आशा प्रकट की कि कोविड से उबरने के बाद देश अन्य क्षेत्रों में भी प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले चिकित्सकों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डीन प्रो. एसपी धनेरिया और उप-निदेशक (प्रशासन) अंशुमान गुप्ता सहित चिकित्सक और कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बीनू मैथ्यू ने किया।

## छत्तीसगढ़ में सुबह से ही चली ठंडी हवाएं शुक्रवार को भी रहेगा शीतलहर का असर

**रायपुर ( ए )।** उत्तर से आने वाली ठंडी व शुष्क हवाओं के प्रभाव से आज सुबह से ही राजधानी रायपुर सहित प्रदेश भर में ठंडी हवाएं चली। कुछ क्षेत्रों में घना कोहरा भी छाया रहा। कोहरे का असर विशेष रूप से आउटर क्षेत्रों में ज्यादा देखने को मिला और इसकी वजह से आउटर में ठंड भी ज्यादा रही।



मौसम विज्ञानियों का कहना है कि शुक्रवार 28 जनवरी को भी प्रदेश में शीतलहर की स्थिति रहेगी। अभी न्यूनतम तापमान में गिरावट रहेगी और अधिकतम तापमान में मामूली वृद्धि की संभावना है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अभी कुछ दिन मौसम का रुख ऐसा ही रहेगा और उसके बाद अधिकतम व न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी शुरू होगी।

### जनवरी में अधिकतम तापमान ज्यादा गिरा

इस साल नववर्ष के शुभारंभ से ही प्रदेश में बादल छाने व बारिश होने के कारण अधिकतम तापमान में ज्यादा गिरावट रही। राजधानी रायपुर के साथ ही प्रदेश भर के क्षेत्रों में अधिकतम तापमान में गिरावट का रुख ही रहा। इसके साथ ही इस साल पिछले साल की अपेक्षा काफी ठंडी पड़ने की वजह से गर्म कपड़ों का कारोबार काफी ज्यादा रहा। कारोबारियों का भी कहना है कि पिछले साल की अपेक्षा 20 फीसद तक ज्यादा कारोबार हुआ है।

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि प्रदेश भर में उत्तर से ठंडी व शुष्क हवाओं के आने के कारण ठंडी में बढ़ोतरी हुई है। इसके चलते ही न्यूनतम तापमान में गिरावट के आसार है। हालांकि अधिकतम तापमान में विशेष बदलाव की संभावना नहीं है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान





















## सिद्धार्थ शुक्ला की फैमिली ने फैन्स से की खास अपील

दिवंगत एक्टर सिद्धार्थ शुक्ला की फैमिली ने हाल ही में एक स्टेटमेंट जारी कर फैन्स से खास अपील की है। सिद्धार्थ के परिवार ने लिखा, सिद्धार्थ शुक्ला के सभी चाहने वालों के लिए, हम, बतौर एक परिवार आप सभी से एक रिक्वेस्ट करना चाहते हैं। उम्मीद करते हैं कि सभी लोग हमारी इस रिक्वेस्ट की इज्जत करेंगे। सिद्धार्थ मूव ऑन कर चुके हैं। अब वह अपने निर्णय खुद नहीं ले पाएंगे, लेकिन वह हमेशा हमारी लाइफ का हिस्सा रहेंगे। हमारी यादों में रहेंगे और हम यहां उनकी इच्छाओं के साथ जिएंगे। हम उन सभी लोगों से गुजारिश करना चाहते हैं कि जो भी सिद्धार्थ शुक्ला का नाम और चेहरा किसी प्रोजेक्ट में इस्तेमाल करना चाहते हैं, वह पहले हमसे एक बार पूछ लें। हम सिद्धार्थ की च्वॉइस के बारे में जानते हैं। हम जानते हैं कि वह अगर हमारे बीच होते तो क्या चाहते। हम उनकी इच्छाओं को ध्यान में रखते हुए ही फैसला लेंगे। अगर किसी प्रोजेक्ट को लेकर वह खुश नहीं थे तो हम जानते हैं कि उसे रिलीज करने में भी उनकी इच्छा नहीं होगी। चलिए सिद्धार्थ की इच्छाओं को मन में रखते हैं और उन्हें प्यार, इज्जत और मैमोरीज के साथ याद करते हैं जो वह हमारे लिए छोड़कर गए हैं। शुक्ला परिवार।

### 'बालिका वधु 2' जल्द होने वाला है ऑफ एयर

'बालिका वधु 2' जल्द ही ऑफ एयर हो जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक 'बालिका वधु 2' की कहानी खत्म होने जा रही है। रिपोर्ट्स में यह भी कहा जा रहा है कि शो के मेकर्स इस सोच-विचार में हैं कि आखिर शो का एंड किस तरह परफेक्ट रखा जा सके। हालांकि, शो ऑफ एयर होने जा रहा है, इस पर अभी तक न तो किसी एक्टर और न ही शो के मेकर्स का बयान आया है।

### क्या आसिम रियाज और हिमांशी खुराना करने वाले हैं शादी?

बिग बॉस फेम आसिम रियाज और हिमांशी खुराना की शादी की खबरें काफी तेजी से वायरल हो रही हैं। दरअसल, आसिम और हिमांशी को हाल ही में एक साथ हाथ थामे फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के स्टोर में एंट्री करते हुए स्पॉट किया गया था। तभी से ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि दोनों जल्द ही शादी करने वाले हैं। सोशल मीडिया पर आसिम और हिमांशी का यह वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है।

### बिग बॉस 15 के फिनाले में शहनाज गिल देंगी सिद्धार्थ को ट्रिब्यूट

हाल ही में बिग बॉस 15 के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर शो का नया प्रोमो वीडियो शेयर किया है। वीडियो में सिद्धार्थ और शहनाज के कुछ विजुअल्स दिखाए गए हैं, जो बिग बॉस के घर में बिताए गए हैं। वीडियो शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, ग्रैंड फिनाले होगा और भी स्पेशल जब शहनाज गिल आएंगी सिडनाज के रिश्ते को देने एक हार्ट वार्मिंग ट्रिब्यूट। 29 और 30 जनवरी को देखना ना भूलें बिग बॉस 15 का ग्रैंड फिनाले रात 8 बजे। बता दें इस बार शो के फिनाले के जरिए सिद्धार्थ शुक्ला को भी ट्रिब्यूट दिया जाएगा। साल 2021 में सिद्धार्थ शुक्ला का निधन हो गया था।

### राखी सावंत हुईं शो से बाहर

राखी सावंत बिग बॉस से आउट हो गई हैं। राखी ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी फोटो शेयर कर इसकी जानकारी देते हुए लिखा, मैं आउट हो गई हूं। साथ ही राखी को हाल ही में पैपराजी ने भी स्पॉट किया। मीडिया के सवाल पूछने पर राखी ने कहा कि मैं आउट हो गई। जब उनसे ये पूछा कि कौन शो जीत रहा है? इस पर राखी ने कहा कि उन्हें इस बारे में नहीं पता।

## 27 साल के करियर में बॉबी देओल ने दीं 6 हिट फिल्में

# फिल्मों में पिटे तो ओटीटी ने दिया दूसरा मौका



**बॉलीवुड एक्टर बॉबी देओल आज पूरे 53 साल के हो चुके हैं। एक्टर ने साल 1995 में आई फिल्म 'बरसात' से बॉलीवुड इंडस्ट्री में कदम रखा था। बादल का किरदार निभाकर पहली ही फिल्म से बॉबी को देशभर में पहचान और फिल्मफेयर बेस्ट डेब्यू अवॉर्ड मिला लेकिन फिर वो मुकाम हासिल नहीं कर पाए जिसकी उम्मीद थी। अब बॉबी का करियर दोबारा पटरी पर लौट चुका है।**

### बॉबी ने ट्विंकल खन्ना के साथ किया डेब्यू

बॉबी ने 1995 में ट्विंकल खन्ना के साथ फिल्म 'बरसात' से डेब्यू किया था। इस फिल्म के लिए बॉबी को बेस्ट डेब्यू एक्टर का फिल्म फेयर अवॉर्ड मिला था। बॉबी ने अपने करियर में 3 फिल्में 'गुप्त' (1997), 'सोल्जर' (1998) और 'हमराज' (2002) हिट दी थी। बीच में तो उन्हें काम मिलना भी बंद हो गया। 2013 में उन्होंने फिल्म 'यमला पगला दीवाना' में काम किया था। लेकिन 'रेस-3' में काम मिलने के बाद उनका करियर चमका और फिर उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। अपने फिल्मी करियर में बॉबी ने करीबन 45 फिल्मों में काम किया है।

### ओटीटी से मिली दोबारा पहचान

साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म रेस 3 एक बड़ी फ्लॉप साबित हुई थी। इसके बाद एक्टर यमला पगला दीवाना फिर से और हाउसफुल 4 में नजर आए। लगातार फ्लॉप फिल्मों के बाद बॉबी देओल को ओटीटी प्लेटफॉर्म का सहारा मिला। एक्टर साल 2020 में आई नेटफ्लिक्स की फिल्म क्लास ऑफ 83 और एमएक्स प्लेयर की सीरीज आश्रम में नजर आए। आश्रम और आश्रम 2 में बाबा का किरदार निभाने वाले बॉबी को दर्शकों की खूब सराहना मिली।

### 50 करोड़ की नेटवर्थ

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बॉबी देओल की करीबन 50 करोड़ की नेटवर्थ है। उनकी सालाना कमाई तकरीबन 8 करोड़ रुपए है। एक फिल्म के बॉबी 2 से 4 करोड़ रुपए चार्ज करते हैं। बॉबी की वाइफ तान्या का 'द गुड अर्थ' के नाम से खुद का फर्नीचर और होम डेकोरेशन का बिजनेस है। कई बॉलीवुड स्टार्स और बिजनसमैन उनके क्लाइंट हैं। तान्या ने 2005 में आई फिल्म 'जुर्म' और 2007 में आई 'नन्हे जैसलमेर' के लिए कॉस्ट्यूम डिजाइनिंग का भी काम किया है। इसके साथ ही ट्विंकल खन्ना के 'व्हाइट विंडो' स्टोर में तान्या के डिजाइन किए फर्नीचर और इंटीरियर डेकोर एक्सेसरीज लगे हैं।

### रेस्त्रां और फार्महाउस के मालिक हैं बॉबी

मुंबई में बॉबी के दो चाइनीज रेस्त्रां हैं। एक का नाम Someplace Else है, जो साल 2006 से चल रहा है। इसके अलावा दूसरे रेस्त्रां का नाम 'सुहाना' है। कुछ समय तक बॉबी ने डीजे का काम भी किया था। हालांकि ये काम ज्यादा समय तक नहीं चल पाया। बॉबी का मुंबई के जुहू में एक लग्जरी घर है, जिसकी कीमत 8 करोड़ रुपए है। इसके अलावा पंजाब में उनका एक फार्महाउस भी है।

### लग्जरी कारों के शौकीन

बॉबी को लग्जरी कार और बाइक्स का हमेशा से शौक रहा है। उनके पास लैंड रोवर, फ्रीलैंडर 2, रेंज रोवर वोग, मर्सिडीज-बेन्ज एस-क्लास, पोर्शे कायेन जैसी लग्जरी कारें हैं।


एक इंटरव्यू के दौरान बॉबी देओल ने सलमान खान के बारे में बात करते हुए कहा था कि मैंने निर्माताओं से मिलना शुरू कर दिया था लेकिन उन्हें मेरे अंदर काम को लेकर भूख नजर नहीं आई। तभी सलमान खान ने मुझे सलाह दी कि अपने बुरे समय में मैं आपके भाई सनी देओल और संजय दत्त के कंधों पर कूदा था ये काफी अच्छा होगा कि आप भी किसी दूसरे कलाकारों के साथ काम करें।

बॉबी देओल ने सलमान की बात को गंभीरता से माना और कहा कि चलो फिर मुझे अपने कंधों पर कूदने दो। ऐसे वक्त में हताशा और निराशा में डूबे बॉबी को रेस-3 में सलमान ने ब्रेक दिया था। जिसके बाद उनका करियर धीरे-धीरे पटरी पर आने लगा, लेकिन इसके बाद आई उनकी वेब सीरीज आश्रम। जो हिट साबित हुई। इस सीरीज का पहला और दूसरा पार्ट दर्शकों को खूब पसंद आया। अब दर्शक आश्रम पार्ट 3 का इंतजार कर रहे हैं।

# महिला सुरक्षा के लिए मुंबई पुलिस की नई पहल, अक्षय कुमार, सलमान खान समेत कई सेलेब्स ने किया सपोर्ट

मुंबई पुलिस ने हाल ही में महिला सुरक्षा के लिए एक नई पहल 'निर्भया स्क्वाड' की शुरुआत की है। इस पहल को प्रमोट करने के लए मुंबई पुलिस ने एक स्पेशल वीडियो भी बनाया है, जो सोशल मीडिया पर अब तेजी से वायरल हो रहा है। महिला अपराध के खिलाफ आवाज उठाने, उन्हें निर्भय और निडर बनाने के की इस पहल में बॉलीवुड सेलेब्स भी मुंबई पुलिस के साथ हैं। अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार, सलमान खान, शाहिद कपूर समेत कई सेलेब्स 'निर्भया स्क्वाड' वीडियो को शेयर कर मुंबई पुलिस और इस नई पहल की जमकर तारीफ कर रहे हैं। इस पहल के लिए 'निर्भया स्क्वॉड' ने अपना ऑफिशियल हेल्पलाइन नंबर '103' भी शुरू किया है। जिसे मुंबई पुलिस ने अपने स्पेशल वीडियो में भी बताया है। अक्षय कुमार ने गणतंत्र दिवस के मौके पर वीडियो शेयर कर लिखा, 'निर्भया स्क्वॉड' महिलाओं के लिए मुंबई पुलिस की एक शानदार पहल है। महिला अपराध के खिलाफ आवाज उठाने के लिए हेल्पलाइन नंबर '103' पर कॉल करें।

सलमान खान ने लिखा, महिला सुरक्षा के लिए 'निर्भया स्क्वाड' शुरू करने के लिए हमारी मुंबई पुलिस का वास्तव में आभारी हूं, जो कामकाजी महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों और महिलाओं के लिए बहुत मददगार है। शाहिद कपूर ने लिखा, 'निर्भया स्क्वाड' नाम की महिलाओं की सुरक्षा के लिए एक डेडिकेटेड पहल की शुरुआत करने के लिए मुंबई पुलिस बल को बधाई। महिलाओं की सुरक्षा के लिए



और महिलाओं से संबंधित अपराधों को रोकने के लिए, यह दस्ता शहर के हर पुलिस स्टेशन में स्थापित किया जाएगा और संकट के समय कोई भी उनके हेल्पलाइन नंबर 103 पर संपर्क कर सकता है। यह एक बेहतरीन पहल है और उम्मीद है कि इससे महिलाओं के खिलाफ उत्पीड़न को रोकने में मदद मिलेगी।

### स्पेशल टीमें अपराध के हॉटस्पॉट पर पेट्रोलिंग करेंगी

सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न और अपराधों को रोकने के उद्देश्य से इस पहल की शुरुआत की गई है। इस पहल के लिए मुंबई पुलिस ने एक विशेष रूप से समर्पित टीमें बनाई हैं। पुलिस की यह स्पेशल टीमें अपराध के हॉटस्पॉट पर पेट्रोलिंग करने और विमेंस शेल्टर्स और होस्टल्स से खुफिया जानकारी एकत्र करने पर ध्यान केंद्रित करेंगी।

### वीडियो क्लिप में अमिताभ बच्चन ने दी आवाज


वीडियो में बस में सफर कर रही महिलाओं से छेड़छाड़, अंधेरे में महिलाओं के घर से निकलने पर मनचलों की हरकतों से लेकर महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों को लेकर जागरुक किया गया है। इसमें बताया गया है कि मुंबई पुलिस ने महिला सुरक्षा के लिए 'निर्भया स्क्वाड' बनाया है और इसके जरिए वह कैसे काम कर रही है। इस क्लिप में महानायक अमिताभ बच्चन ने आवाज दी है। वहीं रोहित शेट्टी की 'सिंघम', 'सूर्यवंशी' व 'सिंबा' जैसी फिल्मों की मशहूर सायरन वाली आवाज का भी इस्तेमाल किया गया है।

# मौनी-सूरज वेडिंग: मौनी रॉय और सूरज नाम्बियार ने मलयाली रिचुअल्स से की शादी

**एक्ट्रेस मौनी रॉय और दुबई बेस्ड बिजनेसमैन सूरज नाम्बियार शादी के बंधन में बंध गए हैं। दोनों ने गोवा में आज सुबह अपनी फैमिली, क्लोज फ्रेंड्स और कई सेलेब्स की मौजूदगी में मलयाली रीति-रिवाजों से शादी की है। अब दोनों की शादी की खूबसूरत फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों आज शाम को बंगाली रीति रिवाज से भी शादी करेंगे।**

वायरल फोटोज और वीडियोज में आप देख सकते हैं की मौनी व्हाइट कलर की साड़ी पहनी हुई हैं, जिसकी बॉर्डर रेड और गोल्डन कलर की है। मौनी ने अपने इस साउथ इंडियन ब्राइडल लुक को गोल्ड ज्वेलरी के साथ कंप्लीट किया है। वहीं सूरज भी साउथ एटायर व्हाइट लुंगी और क्रीम लकर का कुर्ता पहने नजर आए। सूरज कुछ फोटोज में मौनी को मंगलसूत्र और एक दूसरे को वरमाला पहनाते हुए भी दिखाई दे रहे हैं।

मौनी और सूरज की प्री-वेडिंग सेरेमनी भी गोवा में ही हुई हैं। उनकी हल्दी, मेहंदी और संगीत की फोटोज और वीडियोज भी सोशल मीडिया पर वायरल हैं। उनकी शादी और प्री-वेडिंग सेरेमनी में मंदिरा बेदी, अर्जुन बिजलानी, ओंकार कपूर, आशका गोराडिया, प्रज्ञा कपूर, वैनेसा वालिया, निधि कुर्दा समेत अन्य कई सिलेब्स भी शामिल हुए हैं। कपल ने कोविड-19 के कारण अपनी गेस्ट लिस्ट को



छोटा रखा। इतना ही नहीं उनकी शादी में आने वाले सभी गेस्ट्स से वेडिंग वेन्यू पर आरटी-पीसीआर रिपोर्ट भी मांगी गई।

### इंडस्ट्री के फ्रैंड्स को मुंबई में देंगे रिसेप्शन

रिपोर्ट्स के मुताबिक, मौनी और सूरज कोविड-19 प्रोटोकॉल के कारण अपनी शादी में अतिरिक्त सावधानी बरती है। शुरुआत में मौनी के पास एक लम्बी गेस्ट लिस्ट थी, जिसमें 50 लोग शामिल थे। हालांकि, यह लिस्ट छोटी कर दी गई। लेकिन, उन्होंने चीजें और हालात नॉर्मल होने के बाद मुंबई में रिसेप्शन की प्लानिंग कर रखी है। बता दें कि सूरज और मौनी लंबे समय से एक दूसरे को डेट कर रहे थे। सूरज दुबई में इन्वेस्टमेंट बैंकर हैं। वे कर्नाटक के रहने वाले हैं और सिविल इंजीनियर भी हैं।

### 'ब्रह्मास्त्र' में दिखाई देंगी मौनी

मौनी पश्चिम बंगाल के कूचबिहार की रहने वाली हैं और दिल्ली में पढ़ाई पूरी करने के बाद मुंबई आ गईं थीं। बात अगर मौनी के काम की करें तो वे जल्द ही अयान मुखर्जी की 'ब्रह्मास्त्र' में दिखाई देंगी, जिसे तीन पार्ट्स में बनाया जा रहा है। फिल्म का पहला पार्ट 9 सितंबर 2022 को रिलीज होने वाला है। मौनी के अलावा फिल्म में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, अमिताभ बच्चन, नागार्जुन और डिंपल कपाड़िया भी लीड रोल में दिखाई देंगे।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

मोमोस नास्ता सेंटर...
थापा शुद्ध मोमोस सेंटर
फुल हाफ
वेज मोमोस 40/- 20/-
मनचुरियन मोमोस 50/- 30/-
पनीर मोमोस 60/- 30/-
मोमोस-10, 20 और 30 रू. का भी मिलता है। शुद्ध बिना ऑयल का बना
मो.-9977690915, 7898349602
सर्कुलर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

● जीन्स ● टी-शर्ट ● शर्ट ● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

लिजना स्पोर्ट्स वियर
हमारे यहां सुपरपोली, कसरा, ड्राइफिट, एन.एस लायकरा आदि कपड़ों के लोवर, चड्डा, बनाये जाते है, एवं स्पोर्ट्स की टी-शर्ट होलसेल रेट में बनाए जाते हैं
संबंधित संस्थान New J.P. Sports
Shop No. E-20, Circular Market, Camp-2, Bhilai
Mo. Lovely: 9993338252, 9300878988

श्रीराम कलेक्शन
बच्चों के आकर्षक रेडिमेड वस्त्रों के विक्रेता
जवाहर मार्केट केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई
789805563, 9827178585

श्री सांई जींस कॉर्नर
ओम सांई कलेक्शन
■ मेन्स वेयर ■ किड्स वेयर ■ लेडिस वेयर ■ वेडिंग कलेक्शन
9827115003, 9806303000
जवाहर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

रामजाने स्वादिष्ट चाट भंडार
शादी एवं पार्टी में ऑर्डर लिया जाता है
संपर्क करें : 8871247959

नाकोड़ा साड़ी सेंटर
एक्सक्लूसिव साड़ी शोरुम
फैंसी साड़ी, वैवाहिक साड़ियां डिज़ाईनर साड़ियां एवं सलवार सूट, लांचा
जवाहर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइज़ेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

## खास खबर

### नक्सल मोर्चो में शहीद हुए 37 जवानों के परिजनों का उनके घर पहुंचकर किया गया सम्मान

**धमतरी।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के मौके पर नक्सल मोर्चों में मुठभेड़ के दौरान शहीद हुए जिले के 37 पुलिस जवानों के परिजनों को पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा उनके घर पहुंचकर शॉल और श्रीफल से सम्मानित किया गया। इनमें नगरी तहसील के फरसियां के शहीद आरक्षक रतन लाल मरकाम, बाजार पारा नगरी के प्यारेलाल सोम, ग्राम कौहाबाहरा के निर्मल कुमार नेताम और भीतररास के शहीद आरक्षक नवल किशोर शांडिल्य के परिजनों का सम्मान किया गया। इसी तरह धमतरी तहसील के संबलपुर के शहीद आरक्षक नारायण सोरी, सांकरा के नोहरू राम नेताम, गागरा के संतोष कुमार, परेवाडीह के टिकेश्वर कुमार ध्रुव, श्यामतराई के रामेश्वर ध्रुव, जल विहार कालोनी रूद्री के तिला राम ठाकुर, दुलारी नगर रूद्री के खगेन्द्र कश्यप, ग्राम विश्रामपुर के शहीद आरक्षक भूषण मंडावी के परिजनों का सम्मान किया गया। शांतिनगर चिखली के शहीद प्रधान आरक्षक चंद्रशेखर रंगारी, ग्राम सातबाहना के सियाराम ध्रुव और मल्हारी के शहीद प्रधान आरक्षक विरेन्द्र सोम के परिजनों का सम्मान किया गया। रानीगांव के शहीद उप निरीक्षक कोमल सिंह साहू, ग्राम छिंदभर्री के सहायक निरीक्षक कैलाश नेताम और बरबांधा के शहीद निरीक्षक देवनाथ नागवंशी के परिजनों का सम्मान किया गया। इसी तरह नगरी तहसील के ग्राम सेमरा के शहीद आरक्षक धनराज ध्रुव, जैतपुरी के शिव कुमार कोर्राम, कमईपुर मगरलोड के राधेश्याम नागवंशी, भैंसासांकरा के आदित्य साहू, आमगांव के चन्द्रहास ध्रुव, छिपली के खिलावन बिसेन, कोटपारा नगरी के हेमंत सोम, लाइनपारा के धर्मेन्द्र साहू, पोड़ागांव के शहीद आरक्षक विजय सूर्याकर और जंगलपारा नगरी के शहीद आरक्षक मोहम्मद अमजद खान के परिजनों का सम्मान किया गया। ग्राम पदमपुर के शहीद प्रधान आरक्षक शिवप्रसाद शर्मा, खड़पथरा के देवनाथ नाग, गट्टासिल्ली के महावीर मारकोले, ग्राम आमगांव के शहीद निरीक्षक विनोद ध्रुव और ग्राम अर्जुनी के शहीद विशेष पुलिस अधीकारी तीरण सिंह नेताम के परिजनों को सम्मानित किया गया।

### दस्तावेजों व प्रमाण पत्रों का सत्यापन हेतु उपस्थित होने की सूचना

**बीजापुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बीजापुर द्वारा मिली जानकारी के अनुसार विशेष कनिष्ट कर्मचारी चयन बोर्ड बस्तर के माध्यम से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के तृतीय एवं चथुर्त रिक्त पदों की भर्ती के लिए 26 दिसम्बर 2021 को भर्ती आयोजित की गयी थी। जिसकी वरियता क्रमांक 10 जनवरी 2022 को जारी की गयी है। वरियता क्रमांक के अनुसार रिक्त पदों के अनुरूप दस्तावेजों, प्रमाण पत्रों का सत्यापन हेतु 2 फरवरी 2022 को कार्यालयीन समय के पूर्व प्रातः 10 बजे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय बीजापुर में समस्त वाछिंत योग्यता प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

### जिले में अब आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील नहीं

धमतरी। त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2021-22 के तहत परिणामों की घोषणा के साथ ही जिले में अब आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील नहीं हैं। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रि स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2021-22 के तहत परिणामों की घोषणा के बाद आदर्श आचरण संहिता को आज दोपहर तीन बजे के बाद से प्रभावशील नहीं रहने संबंधी सूचना दी गई है। ज़िले में भी इसके मद्देनजर आदर्श आचरण संहिता अब प्रभावशील नहीं है।

सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तान हमारा

# एनटीपीसी कोरबा ने हर्षोल्लास से मनाया देश का 73वां गणतंत्र दिवस

**कोरबा (पीआईबी)।** एनटीपीसी कोरबा में देश के 73 वें गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। कोविड प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए सामाजिक दूरी का पालन करते हुए, हर्षोल्लास से यह कार्यक्रम एनटीपीसी कोरबा के मानसरोवर स्टेडियम में मनाया गया।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि बिश्वरूप बसु, कार्यकारी निदेशक कोरबा द्वारा ध्वजा रोहण किया गया। एवं केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानो की परेड की सलामी ली। अपने सम्बोधन में श्री बसु ने देश की आज़ादी में आधारभूत रहे नायकों के अतुलनीय योगदान से प्रेरणा ग्रहण करते हुए उपस्थित जनों से आग्रह किया कि वे राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करते रहें एवं भारत देश के प्रति अपना दायित्व निभाकर देश की उन्नति की तरफअपना पूरा योगदान दें। अपने सम्बोधन में उन्होंने एनटीपीसी की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए दर्शकों को अवगत कराया कि वर्त्तमान में एनटीपीसी की विद्युत उत्पादन क्षमता 67,907 मेगावाट हो गयी है एवं 2032 तक 1.30 गीगा वाट उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस दौरान एनटीपीसी की उपलब्धियों को याद करने के साथ साथ उन्होंने कोरबा प्लांट द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन को याद करते हुए एनटीपीसी के 01 नंबर प्लांट बनाने के लिए सभी कर्मचारियों को धन्यवाद किया। उन्होंने आगे बताया की पर्यावरण को लेकर एनटीपीसी कोरबा हमेशा सजग है एवं क्षेत्र में पर्यावरण को समृद्ध बनाने के लिए अब तक 27 लाख से अधिक वृक्षारोपण हो चुका है।

एनटीपीसी कोरबा को प्राप्त अनेकों पुरस्कारों की चर्चा करते हुए कार्यकारी निदेशक महोदय ने अवगत कराया कि कोरबा परियोजना पावर प्लांट परफार्मेंस के लिए मिशन इनर्जी से विजेता घोषित हुई । इसी तरह मिशन इनर्जी फाउंडेशन द्वारा नेशनल इनर्जी अवार्ड, पर्यावरण के क्षेत्र में ग्रीन टेक इनवाइरोंमेंट अवार्ड, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिष्ठित श्रम यशस्वी पुरस्कार 2020-21 और एनटीपीसी स्वर्ण शक्ति पुरस्कार 2020-21 से सम्मानित किया गया। उन्होंने मैत्री महिला समिति सहित सभी कल्याण संस्थाओं को अपने दायित्वों के सकुशक निर्वहन के किये भी बधाई दी एवं सभी सहयोगी संस्थाओं के प्रयासों को सराहा।

आज के कार्यक्रम में श्री बसु ने आईटी विभाग द्वारा तैयार किये गए ऐप निर्वाण का उद्धघाटन भी किया। ये ऐप ऑनलाइन शिकायत प्रबंधन प्रणाली को और सुगम बनाने के लिए तैयार किया गया है। कार्यकारी निदेशक महोदय श्री बसु एवं अध्यक्ष मैत्री महिला समिति निवेदिता बसु द्वारा संजीवनी चिकित्सालय में मरीजों को फल भेंट कर उनके यथाशीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। साथ ही कार्यक्रम में दिव्यांग जनो को कृत्रिम अंग डिस्ट्रीब्यूशन किया गया एवं कार्यकारी निदेशक महोदय द्वारा एनटीपीसी कोरबा की चिकित्सा टीम को उनके बहुमूल्य प्रयासों के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र भी प्रदान किये।

इसी के साथ श्री बसु ने एनटीपीसी कोरबा स्थित ऑक्सीजन प्लांट्स का भी जायज़ा लिया एवं ये सुनिश्चित करते हुए कहा की ऑक्सीजन की ज़रुरत पड़ने पर इन प्लांट्स का उपयोग किया जा सकेगा।

कार्यक्रम में अध्यक्ष (मैत्री महिला समिति) निवेदिता बसु, महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण पी रामप्रसाद, महाप्रबंधक (ऐश डाइक प्रबंधन) भानु सामंता, महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएं) शंभु शरण झा, महाप्रबंधक (प्रचालन) ललित रंजन मोहंती, मैत्री महिला समिति की पदाधिकारी, विभागाध्यक्ष गण, सीआईएसएफ टीम, विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य, यूनियन एवं एसोसिएशन्स के पदाधिकारीगण, एवं एनटीपीसी कोरबा के अन्य कर्मचारी गण सम्मिलित हुए।

# 73वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर चेम्बर कार्यालय में किया गया ध्वजारोहण

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने जानकारी दी कि 73वां गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण कार्यक्रम छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज कार्यालय चै.देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बाम्बे मार्केट, रायपुर में बुधवार, 26 जनवरी, 2022 को प्रातः 9.30 बजे ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम के पूर्व सर्वप्रथम पूजा अर्चना कर भारत माता एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर में माल्यार्पण, गुलाल व पुष्प अर्पित किया गया।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के द्वारा प्रातः ठीक 9.30 बजे ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात् राष्ट्रगान एवं भारत माता का जयघोष किया गया एवं सभी पदाधिकारियों व्यापारी एवं उद्योगपति बंधुओं को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी।

इस अवसर पर चेम्बर संरक्षक भारामल मत्थानी, प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, सलाहकार अमर गिदवानी, दीपक बल्लेवार, परमानंद जैन, राकेश ओचवानी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, कार्यकारी महामंत्री- कपिल दोशी, विकास आहूजा, प्रदेश प्रभारी आईटीसेल- कैलाश खेमानी, उपाध्यक्ष-जय नानवानी, पवन वाधवा, मंत्री- नीलेश मूंधड़ा, जीतेन्द्र गोलछा जैन, शंकर बजाज, राकेश (जनक) वाधवानी, गोविंद माहेश्वरी, महेश प्रसाद राय, प्रदेश सांस्कृतिक प्रभारी-आलोक शर्मा, युवा चेम्बर महामंत्री कांति पटेल, कार्यकारिणी सदस्य- सतीश श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ प्लास्टिक निर्माता एवं विक्रेता संघ के अध्यक्ष जीवत बजाज, मोहनलाल तेजवानी सहित अनेक व्यापारी, उद्योगपति प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

कोरोना जागरूकता रथ द्वारा जागरूकता संचार

## अपर महानिदेशक अभिषेक दयाल ने झंडी दिखाकर जन-जागरूकता रथ को किया रवाना



**रायपुर ( पीआईबी )।** प्रादेशिक लोकसंपर्क कार्यालय रायपुर द्वारा कोरोना संक्रमण और टीकाकरण पर आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से आकर्षक बैनर्स और साउंड सिस्टम से सुसज्जित कोरोना जागरूकता रथ कोअपर महानिदेशक अभिषेक दयाल ने झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ अगले सात दिनों तक रायपुर के विभिन्न इलाकों का भ्रमण करेगा। इस जागरूकता रथ के साउंड सिस्टम के जरिए आकर्षक जिंगल्स के प्रसारण के साथ ही जानकारियों से भरपूर पाम्पलेट का भी वितरण किया जाएगा।

# कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई

( संपत्तिकर विभाग )

क्रमांक/चार/तीन/सं.क.वि./2022/540/301 — भिलाई, दिनांक 18/01/2022

//स्वामित्व के हस्तांतरण की सूचना//


इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले हितग्राही को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 में स्वत्वाधिकार के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरिती के नाम से जिसका कि नगर पालिक निगम भिलाई के संपत्तिकर अभिलेख में हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नाम दर्ज किया जाना है यदि किसी को इस संबंध मे कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है बाद मे प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा:-

| क्र. | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण का स्वरूप | संपत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती मनीला गिरी, ध.प. श्री विपिन गिरी, निवासी-ई.डब्लू.एस. 285, वैशालीनगर भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | रेहाना खान, ध.प. रफीक खान, निवासी-मकान क्र. 115, अम्बेडकर नगर, गांधीनगर, सुपेला भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | कोहका, राजीव नगर वार्ड क्र. 13, (रामनगर आवासीय क्षेत्र अन्दर भाग), भिलाई, खसरा नं. 9077/2, रकबा-1350 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 2 | "चौहान हाउसिंग"(चौहान ग्रीन वैली) आपेजिट चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई प्रोपराईटर- श्री अजय चौहान आ. स्व. श्री विपत(दीपेश्वर) चौहान, निवासी-राजीव नगर, भिलाई तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | श्री बैकुंठ राव आ. स्व. विरन्ना, निवासी-क्वाटर नं. 12/1, सेक्टर-07, भिलाई नगर रेल्वे स्टेशन, भिलाई तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड 01,"चौहान हाउसिंग" (चौहान ग्रीन वैली) अपोजिट-चौहान टाउन, खम्हरिया व जुनवानी, भिलाई, फ्लैट नं. 03, ब्लाक-"E3", प्रथम तल, 501.99 वर्गफीट, पर आवासीय फ्लैट निर्मित । |
| 3 | (1) यू.एच. देशभ्रतार, आ. श्री हीरालाल देशभ्रतार, (2) श्रीमती इंदिरा देशभ्रतार, ध. प. श्री यू.एच. देशभ्रतार, निवासी- क्वाटर नं. 7एफ-28/29, वसुन्धरा नगर (साउथ), भिलाई-3 (छ.ग.) | स्वप्नील देशभ्रतार पिता स्व. उत्तम देशभ्रतार, निवासी-7 एफ/28 वसुन्धरा नगर, दक्षिण भिलाई-3, (छ.ग.) | वारिसान | वार्ड 01, चौहान हाउसिंग कंपनी "चौहान ग्रीन वैली", चौहान टाउन-I, फेस-III अपोजिट-चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई, फ्लैट नं. 12A (2BHK) , ब्लाक-A9, चतुर्थ तल, 595.00 वर्गफीट, पर आवासीय फ्लैट निर्मित । |
| 4 | मेसर्स श्रीकृष्णा कालोनाईजर्स पार्टनर श्री सुनील कुमार तापड़िया आ. श्री सुरेश चन्द्र तापड़िया आ. मु. श्री ललित राठी आ. श्री प्रकाश चंद राठी, निवासी- स्टेशन रोड, रायपुर | श्री मद्दु भूपेश आ. श्री नीला चलम मद्दु, निवासी- ब्लाक नं. 10/6, स्ट्रीट-12, सेक्टर-1, भिलाई तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड नं. 07, कृष्णा ग्रांड सिटी, कोहका पुरानी बस्ती वार्ड भिलाई, प्लाट नं. 30, ब्लाक-डी, Type-Empress, 1018.00 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 5 | श्री राकेश अग्रवाल, पिता स्व. पवन अग्रवाल, निवासी- केम्प-2, जलेबी चौक, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | 1. श्री पूरन दास वैष्णव, पिता श्री अर्जुन दास वैष्णव, 2. श्रीमती ममता वैष्णव, पति श्री पुरन दास वैष्णव, निवासी-एल.आई. जी.-71, हाउसिंग बोर्ड, कालोनी, कैलाश नगर कुरूद, भिलाई तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | कुरूद वार्ड नं. 16, कैलाश नगर अंदर भाग, भिलाई खसरा नं. 1604/78, प्लाट नं. 23ए, रकबा-1200 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 6 | किशन, आ. स्व. बाजीराव, निवासी-माडल टाउन, मकान नं. 931, सड़क नं. 7, पोस्ट आफिस, मोतीलाल नेहरूनगर भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | जनक प्रसाद, आ. किशन, निवासी-माडल टाउन, मकान नं. 931, सड़क नं. 7, पोस्ट आफिस मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | वसीयतनामा | जुनवानी, (माडल टाउन) भिलाई, खसरा नं. 898, रकबा-0.03 हे., आवासीय भवन निर्मित। |
| 7 | नरेश कुमार चौबे, आ. स्व मूलचंद चौबे, सा. क्वा. नं. 09 एफ, सड़क नं. 33, सेक्टर-06, भिलाई, जिला-दुर्ग(छ.ग.) | शब्री नाथन मेनन, आ. श्री मुत्तुर नारायण मेनन, सा.-मकान नं.-सी.एच. 304, नंदनम हाउस प्रगति नगर ढांचा भवन भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | कुरूद, वार्ड नं. 16, ए.सी.सी. कर्मचारी कालोनी अंदर भाग, ढांचा भवन भिलाई, खसरा नं. 1355/3, 1367/37, प्लाट नं. बी-03/02, रकबा-1200 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |

उपायुक्त ( संपत्तिकर )
नगर पालिक निगम
भिलाई








































**खास-खबर**

## जवाहर उद्यान के पास बुजुर्ग की हत्या कचरे के ढेर में मिला शव

–मृतक कचरे के ढेर से प्लास्टिक, पन्नी और अन्य सामान बीनने का काम करता था

**भिलाई।** जवाहर उद्यान के पास कचरे के ढेर में एक बुजुर्ग की लाश मिली है। बुजुर्ग के सिर पर चोट के निशान हैं। पास ही एक डंडा मिला भी मिला है। जिसपर खून लगा हुआ है। मृतक कचरे के ढेर से प्लास्टिक, पन्नी और अन्य सामान बीनने का काम करता था। घटना की जानकारी मिलने के बाद नेवई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा किया और जांच शुरू कर दी है। अभी तक मृतक की पहचान भी नहीं हो सकी है। जानकारी के मुताबिक पुलिस को दोपहर में शव के बारे में जानकारी मिली। मृतक की उम्र करीब 60 से 65 साल के बीच है। आसपास में दुकान लगाने वाले लोगों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने मृतक को सुबह वहां पर कचरा में से सामान बीनते हुए देखा है। इसलिए ये आशंका जताई जा रही है कि सुबह ही उसकी हत्या की गई है। साथ ही ये भी आशंका जताई जा रही है कि वहां पर कचरा बीनने वाले में से ही किसी ने प्रतिस्पर्धा के चलते उसकी हत्या की होगी। शव के पास ही मृतक की साइकिल, मास्क और अंदर कपड़े में आठ हजार रुपये नकद मिले हैं। फिलहाल पुलिस ने शव को चीरघर में रखवा दिया है और जांच शुरू है।

# 10 लाख का गुटखा लूटने वाले 6 गिरफ्तारः नीली बत्ती लगी कार से पहुंचे, मेटाडोर लेकर भाग निकले थे, बेचने की फिराक में पकड़े गए

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में 10 लाख रुपए के गुटखे से भरे मेटाडोर लूटने वाले गिरोह को पुलिस ने पकड़ लिया है। गिरोह के सदस्यों ने वारदात को अंजाम देने के लिए एक माह पहले की योजना बनाई थी। इस दौरान उन्होंने पांच दिनों तक रैकी की। फिर मौका पाकर पुलिस कर्मी बनकर बाइपास रोड में ड्राइवर को रोक लिया और बंधक बनाकर गुटखा समेत मेटाडोर लूटकर ले गए थे। बड़ी मात्रा में गुटखा खपाने के चक्कर में आरोपियों के लूट का राज खुल गया और पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से गुटखा, कार, मेटाडोर, टाटा मैजिक वाहन और 6 मोबाइल समेत 25 लाख का माल जब्त किया गया है।

एसपी पारुल माथुर ने बताया कि लूट की वारदात के बाद तोरवा पुलिस और साइबर सेल की टीम इस मामले की जांच में जुट गई। उन्होंने खुद घटनास्थल का जायजा लिया और हाइवे पर ढाबा संचालक व कर्मचारियों से जानकारी जुटाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सीसीटीवी फुटेज खंगालने कहा। मस्तूरी क्षेत्र के जिस रूट में लूटी हुई मेटाडोर मिली, उस रास्ते पर पुलिस ने बारीकी से जांच की और लगातार जानकारी जुटाती रही। आखिरकार 48 घंटे में पुलिस ने गिरोह को पकड़ लिया और लूटे हुए गुटखा के साथ ही घटना में उपयोग की गई गाड़ियों को भी जब्त कर लिया।

### दो आरक्षकों ने दिया लुटेरों का सुराग

पुलिस की जांच के दौरान ही तोरवा थाने के आरक्षक गोविंद शर्मा व संजीव जांगड़े को खबर मिली कि सरकंडा के लिंगियाडीह में रहने वाले किराना दुकानदार बड़ी मात्रा में गुटखा बेचने की फिराक में है। यही पुलिस के लिए अहम सुराग था। पुलिस ने दुकानदार को पकड़ने के पहले उसकी पूरी जानकारी जुटाई और साइबर सेल की मदद से उसका कॉल डिटेल्स



खंगाला गया। तब लुटेरों की जानकारी मिली। फिर गिरोह के सदस्यों को पकड़ने के लिए खरसिया में दबिश दी।

### सरकंडा के लिंगियाडीह में छिपा कर रखा था गुटखा

जांच के दौरान पुलिस ने पवन मौर्य को पकड़ कर पूछताछ की, इससे पहले ही गिरोह के सदस्यों ने लूट की पूरी कहानी पुलिस को बता दिया था। दुकान संचालक पवन मौर्य अपने घर के पीछे बाड़ी में गुटखा के 140 बोरी गुटखा और 35 बोरी तंबाकू को छिपाकर रखा था। पूछताछ में पता चला कि माल खपाने के बाद आरोपी विशाखापट्नम भागने की फिराक में थे।

### गुटखा फैक्टरी में गाड़ी चलाता था राकेश

पुलिस की पूछताछ में पता चला कि आरोपी राकेश नायडू पहले गुटखा फैक्टरी में गाड़ी चलाता था। इसके चलते उसे गुटखा गाड़ी निकलने का समय पता था। यही वजह है कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर गुटखा गाड़ी को लूटने की योजना बनाई। जयरामनगर के पास उन्होंने मेटाडोर से गुटखा को पलटी करने के लिए टाटा मैजिक मालवाहक गाड़ी बुलाया लिया था। उस गाड़ी में जितना गुटखा लोड हुआ भर लिए। फिर बचे हुए गुटखे की बोरियों को मेटाडोर में छोड़कर भाग गए।

### नीली बत्ती व हुटर लगी कार से पहुंचे थे लुटेरे

उत्तरप्रदेश के इलाहाबाद निवासी विजय करण ग्राम कोरमी में रहता है। 24 जनवरी की तड़के वह सिरगिट्टी के औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्ट्री से मेटाडोर में गुटखा भरकर कोरबा जाने के लिए निकला था। सुबह करीब 5 बजे वह तोरवा क्षेत्र के धूमा बाइपास चौक के पास पहुंचा था। तभी नीली बत्ती लगी कार में सायरन बजाते लुटेरों ने पुलिसकर्मी बनकर उसे रोक लिया। उन्हें पुलिसकर्मी समझकर विजय ने गाड़ी रोक दी। लुटेरों ने उसे डरा-धमकाकर अपनी कार में बैठा लिया। उसके अन्य साथी मेटाडोर को लेकर निकल गए। लुटेरों ने ड्राइवर विजय का अपहरण कर गुटखा से भरे गाड़ी लूटने के बाद उसे छोड़ दिया। बाद में वह रिपोर्ट दर्ज कराने थाने पहुंचा और अपहरण व लूट की शिकायत दर्ज कराई।

### लूट का आरोपी बना दुकानदार

टीआई सुरेंद्र स्वर्णकार ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि लूट की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के सदस्यों को गुटखा खपाना था। इसलिए उन्होंने अपनी प्लानिंग में दुकानदार को शामिल किया। उसे सस्ती कीमत में गुटखा देने के लिए लुटेरों ने एडवांस में एक लाख रुपए भी वसूल लिए थे। इस बीच लुटेरे पुलिस की गिरफ्त में आ गए और दुकानदार भी सामान सहित पकड़ा गया।

## शराब पीने के लिए रुपये नहीं देने पर होटलकर्मी पर चाकू से हमला

**बिलासपुर (ए)।** शनिचरी के बम्हर मंदिर के पास शराब पीने के लिए रुपये नहीं देने पर दो युवकों ने होटलकर्मी को चाकू मार दिया। हमले में आहत युवक को सिम्स में भर्ती कराया गया है। घटना की शिकायत पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। चांटीडीह के डबरीपारा में रहने वाले संतोष सिंह होटल संचालक हैं। रात 11 बजे वे अपने भतीजे के साथ होटल बंद कर घर चले गए। उनके होटल में काम करने वाला शिवकुमार जायसवाल भी साइकिल से अपने घर जा रहा था। चांटीडीह सब्जी मंडी के बम्हर शिव मंदिर के पास ईमलीभाठा में रहने वाले बबला ओडिया और सरकंडा मुक्तिधाम में रहने वाले वासू ने उनका रास्ता रोक लिया। युवकों शिव से शराब पीने के लिए रुपये मांगे।

रुपये नहीं होने की बात कहने पर युवकों ने गांजा खरीदने के लिए रुपये मांगे। इस पर भी होटल संचालक ने मना कर दिया। इस पर युवकों ने गाली—गलौज करते हुए उनकी पिटाई शुरू कर दी। इसी बीच बबला ने चाकू निकालकर उनके पेट में वार कर दिया। चाकू के हमले से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद हमलावर युवक वहां से भाग निकले। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना डायल 112 को दी। इस पर पुलिस ने आहत को अस्पताल भेज दिया। घटना की सूचना पर होटल संचालक अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घटना की शिकायत सरकंडा थाने में की है। इस पर पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित युवकों की तलाश कर रही है।

## गुढ़ियारी में देर रात अज्ञात बदमाशों ने आटो में लगाई आग, जांच में जुटी पुलिस

**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक तरफ जहां लोग गणतंत्र दिवस की खुशियां मना कर सो रहे थे तो दूसरी ओर अज्ञात बदमाशों ने एक आटो में आग लगा दी। जानकारी के मुताबिक के रायपुर के बड़ा अशोक नगर स्थित शंकराचार्य स्कूल के पीछे खड़ी सवारी आटो में अज्ञात बदमाशों में आग लगा दी।

घटना की जानकारी देते हुए आटो चालक रोशन जघेल ने बताया कि 26 जनवरी की रात रोज की तरह मैंने स्थानीय जगह पर अपनी आटो खड़ी की थी, सुबह देखा तो आटो में किसी ने आग लगा दी, जिससे मेरी सवारी आटो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। आटो चालक ने बताया कि वह आटो किराया से लेकर चलाता है। उसने मामले की सूचना गुढ़ियारी पुलिस को दे दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बाइकों पर स्टंट करने वाले 22 लोगों पर कार्रवाई



**रायपुर (ए)।** नया रायपुर की सरपट सड़कों पर तेज रफ्तार बाइक चलाने और स्टंट करने वालों पर यातायात पुलिस ने कार्रवाई की है। यातायात पुलिस रायपुर के वाट्सएप कप्लेन्ट एवं ट्विटर अकाउंट में शिकायत मिलने पर प्राप्त होने पर की गई त्वरित कार्रवाई की गई। वाट्सएप पर बाइक चालकों के स्टंट करने की फोटो मिलने के बाद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने यातायात पुलिस रायपुर के अधिकारी कर्मचारियों को नया रायपुर के प्रमुख चौक-चौराहों एवं मार्गों पर आकस्मिक चेकिंग शुरू करने को कहा था।

नया रायपुर में सड़क के चौराहों पर तैनात यातायात पुलिसकर्मियों ने कई बाइक चालकों को तेज रफ्तार से बाइक चलाते पकड़ा। वहीं सड़क के सुनसान रास्तों पर रेस करते एवं स्टंट करते हुए कई बाइक चालकों को रोका। यातायात पुलिस ने 22 दो पहिया वाहन चालकों पर कार्रवाई की। सभी वाहन चालकों को नया रायपुर के थाने में बाइक खड़ा दिया। यातायात पुलिस ने उपद्रवी वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर यान अधिनियम के तहत चालान करते हुए 15 हजार रुपये समन शुल्क वसूल किया।

बता दें कि 26 जनवरी को छुट्टी होने पर बहुतायत में लोग नया रायपुर में जंगल सफारी सहित अन्य पार्कों में घूमने के लिए जाते हैं। इसी दरमियान कुछ उपद्रवी वाहन चालक नया रायपुर की सड़कों पर गैर जिम्मेदाराना तरीके से स्टंट करते हुए बाइक चला रहे थे। बाइक पर स्टंट करने वालों से दुर्घटना को देखते हुए कुछ लोगों ने इनका वीडियो यातायात पुलिस के वाट्सएप कंपलेन पर डाला था।

## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, पेण्ड्रारोड (छ.ग.)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

**( द्वितीय-आमंत्रण )**

सिस्टम निविदा क्र. 91156/निविदा सूचना क्र.13/वलेलि/2021-22 दुर्ग, दिनांक 24/01/2022 निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 10.02.2022 (17:30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम निविदा क्र. | समूह क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 91156 | | छतौना जलाशय योजना के अंतर्गत मुख्य नहर आर.डी. 730 मी. से आर.डी. 2010 मी. तक सी.सी. लाईनिंग एवं आर.डी. 264 मी. से आर.डी. 321 मी. तक प्रोटेक्शन वॉल का निर्माण कार्य तथा बांध के अपस्ट्रीम में पिचिंग का रिसेटिंग कार्य। | रू. 60.91 लाख |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 31.01.2022 समय 17-31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग पेण्ड्रारोड ( छ.ग. )
कृते - मुख्य अभियंता
हसदेव कछार जल संसाधन संभाग
बिलासपुर ( छ.ग. )

जी-67157/2

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ यांत्रिकी खंड, राजेन्द्र पार्क चौक दुर्ग (छ.ग.)

दूरभाष क्र. 0788-2323633    E-mail:eedurg-phe-cg@nic.in

**// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग छ.ग. शासन में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत '' बी, सी'' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र ''ए'' में प्रतिशत दर पर दुर्ग जिले के विकासखंड धमधा/पाटन के निम्नलिखित ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत सिंगल विलेज नलजल प्रदाय योजना योजनांतर्गत विभिन्न कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्रमांक | नि.सू.क्र./दिनांक | सिस्टम क्र. | विकासखंड | ग्राम का नाम | अनुमानित लागत (रू.लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 214/24.01.2022 | 91357 | पाटन | ठकुराईन टोला, गाड़ाडीह | 172.16 |
| 2 | 215/24.01.2022 | 91358 | पाटन | दरबारमोखली | 108.82 |
| 3 | 216/24.01.2022 | 91359 | पाटन | रीवागहन (आर) गब्दी | 146.62 |
| 4 | 217/24.01.2022 | 91360 | पाटन | कोनाकोट, मटंग | 191.38 |
| 5 | 218/24.01.2022 | 91361 | पाटन | डगनिया, गुजरा कसही | 230.88 |
| 6 | 219/24.01.2022 | 91362 | पाटन | बोहारडीह, मानिकचौरी, बोदल | 221.27 |
| 7 | 220/24.01.2022 | 91363 | पाटन | पंहडोर, परेवाडीह, महकाकुर्द, आमापेण्ड्री | 281.17 |
| 8 | 221/24.01.2022 | 91364 | धमधा | टठिया, मातरा | 153.73 |
| 9 | 222/24.01.2022 | 91366 | धमधा | अकोली, अछोली | 146.84 |
| 10 | 223/24.01.2022 | 91369 | धमधा | कन्हारपुरी, जाताघर्रा | 128.28 |
| 11 | 224/24.01.2022 | 91371 | धमधा | रक्सा, नंदेली | 141.72 |
| 12 | 225/24.01.2022 | 91372 | धमधा | साल्हेखुर्द, परसकोल | 140.72 |
| 13 | 226/24.01.2022 | 91373 | धमधा | गोरपा, भिलौरी | 117.40 |

नोट:- उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानाकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in दिनांक 05.02.2022 से देखे जा सकते हैं तथा बिड सबमिशन की अंतिम तिथि दिनांक 15.02.2022 है।

कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड,
दुर्ग ( छ.ग. )

जी-67166/5

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग दुर्ग संभाग, दुर्ग

**// मैनुअल पद्धति निविदा सूचना //**

**( विकासखंड-पाटन )**

ज्ञाप क्रमांक - / व.ले.लि. / लेखा खण्ड / 2021-22    दुर्ग, दिनांक .01.2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत 'ई'-श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु प्रमुख अभिंता, लो.नि.वि. रायपुर द्वारा जारी भवन/सड़क SOR दिनांक 01.01.2015 तथा निविदा तिथि तक जारी संशोधन के अंतर्गत मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 08.02.2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि :- 14.02.2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 22.02.2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 23.02.2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे से

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम / No of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 29 T0322 | मु.मं.सु.स.यो. अंतर्गत वि.खंड पाटन तेलीगुण्डरा प्राथमिक शाला भवन एवं निपानी मिडिल स्कूल भवन में पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 19.82 |
| 29 T0323 | मु.मं.सु.स.यो. अंतर्गत वि.खंड पाटन भरर मेन रोड से स्कूल एवं पाहंदा (झा) प्राथमिक शाला भवन पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 19.42 |
| 29 T0324 | मु.मं.सु.स.यो. अंतर्गत वि.खंड पाटन सोरम मेन रोड से शमशान घाट एवं मर्रा प्राथमिक शाला भवन पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 19.81 |
| 29 T0325 | मु.मं.सु.स.यो. अंतर्गत वि.खंड पाटन महकाखुर्द आंगनबाड़ी केन्द्र एवं मिडिल हाई स्कूल भवन पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 19.81 |
| 29 T0326 | मु.मं.सु.स.यो. अंतर्गत वि.खंड पाटन चीचा मिडिल स्कूल भवन एवं लोहरसी कन्या मिडिल स्कूल भवन पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 19.82 |
| 29 T0327 | मु.मं.सु.स.यो. अंतर्गत वि.खंड पाटन जामगांव (एम) कन्या प्राथमिक शाला भवन एवं आमापेण्ड्री प्राथमिक शाला भवन पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 19.82 |
| 29 T0328 | मु.मं.सु.स.यो. अंतर्गत वि.खंड पाटन मेन रोड से राशन दुकान एवं सेलूद प्राथमिक शाला भवन पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 19.02 |
| 29 T0329 | मु.मं.सु.स.यो. अंतर्गत वि.खंड पाटन निपानी प्राथमिक शाला भवन एवं निपानी मेन रोड से आंगनबाड़ी केन्द्र-04 पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 19.82 |
| 29 T0330 | मु.मं.सु.स.यो. अंतर्गत वि.खंड पाटन परसाही मेन रोड से आंगनबाड़ी केन्द्र-03 एवं ढौर प्राथमिक शाला भवन पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 19.81 |
| 29 T0331 | मु.मं.सु.स.यो. अंतर्गत वि.खंड पाटन फेकारी मिडिल स्कूल भवन एवं सुदामापुरी (धौराभाठा) प्राथमिक शाला भवन पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 17.83 |
| 29 T0332 | मु.मं.सु.स.यो. अंतर्गत वि.खंड पाटन नवागांव (ब) प्राथमिक शाला भवन एवं भाठापारा बोरेन्दा प्राथमिक शाला भवन पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 19.81 |
| 29 T0333 | मु.मं.सु.स.यो. अंतर्गत वि.खंड पाटन तर्रा प्राथमिक शाला भवन एवं जामगांव (एम) बालक प्राथमिक शाला भवन पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 17.44 |
| 29 T0334 | मु.मं.सु.स.यो. अंतर्गत वि.खंड पाटन खुड़मुड़ी मिडिल स्कूल भवन एवं झाड़मोखली मिडिल स्कूल भवन पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 19.81 |

☐ General Condition    ☐ Plant Condition    ☐ Special Condition

नोट :- अन्य निविदा संबंधी शर्तो का अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग दुर्ग संभाग दुर्ग

जी-67132/5


































## खास - खबर

### प्रथम महापौर शशि सिन्हा ने फहराया तिरंगा

**रिसाली।** 73 वे गणतंत्र दिवस पर नगर पालिक निगम रिसाली की प्रथम महापौर शशि सिन्हा ने सुबह 8 बजे मुख्य कार्यालय भवन में तिरंगा फहराया। इसके पहले नगर पालिक निगम के प्रभारी आयुक्त, कार्यपालन अभियंता सुशील बाबर टंकी ऑफिस पहुंचे और राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

इस अवसर पर महापौर ने राष्ट्रीय पर्व की बधाई देते हुए कहा कि नवगठित रिसाली में यह पहला आयोजन है। गर्व की बात है कि गणतंत्र दिवस के ठीक 4 दिन पहले यहां के भगौलिक स्थिति में बदलाव हुआ और गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के प्रयास से बीएसपी ने जमीन हस्तांतरण किया। उन्होंने मंच से कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि लोगों को समय पर मूलभूत सुविधा उपलब्ध हो। कर्मचारियों की समस्याओं को भी सुलझाने का प्रयास करेंगी। कार्यक्रम को सभापति केशव बंछोर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर एमआईसी सद्स्य अनुप डे, विलास बोरकर, चन्द्रभान ठाकुर, सनीर साहू, ईश्वरी साहू व पार्षदगण उपस्थित थे।

*दो कर्मचारी हुए सम्मानित*

गणतंत्र दिवस पर्व के मुख्य आयोजन में प्रभारी मंत्री मो. अकबर ने नगर पालिक निगम के आयुक्त स्टेनो चन्द्रपाल हरमुख व सब इंजीनियर अखिलेश गुप्ता को सम्मानित किया। जिला स्तर के आयोजन में दोनो कर्मचारियों को नगरीय निकाय चुनाव में सामंजस्य बिठाकर बेहतर कार्य करने पर सम्मानित किया। इस पर आयुक्त आशीष देवांगन, सहायक अभियंता आर के जैन, निगम सचिव रमाकांत साहू, अधीक्षक देवव्रत देवांगन, कर्मचारी संघ अध्यक्ष गोपाल सिन्हा ने बधाई दी।

### कांग्रेस का डिजिटल सदस्यता अभियान प्रशिक्षण कार्यक्रम काल राजीव भवन में

**रायपुर।** 28 जनवरी 2022 को दोपहर 12 बजे राजीव भवन रायपुर में समस्त प्रदेश पदाधिकारियों, समस्त जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों, मोर्चा संगठन, प्रकोष्ठ-विभाग के प्रदेश अध्यक्षों का डिजिटल सदस्यता अभियान के संदर्भ में एक-दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण शिविर में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारीद्वय डॉ. चंदन यादव, सप्तगिरी शंकर उल्का, डिजिटल मेंबरशिप के ट्रेनर विशाल मीणा विशेष रुप से उपस्थित रहेंगे।

मुख्यमंत्री बघेल ने जगदलपुर में हर्षोल्लास के वातावरण में किया ध्वजारोहण

# गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री ने किए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा

## राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन मजदूर न्याय योजना' के पहली किस्त की राशि एक फरवरी को




- श्रमिक परिवारों की बेटियों की शिक्षा, रोजगार तथा विवाह में सहायता के लिए 'मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण सहायता योजना' की घोषणा
- श्रम कल्याण के प्रयासों को आगे बढ़ाने जिला मुख्यालय तथा विकासखण्ड स्तर पर स्थापित होंगे 'मुख्यमंत्री श्रमिक संसाधन केन्द्र'
- खरीफवर्ष 2022-23 से दलहन फसलों की भी खरीदी समर्थन मूल्य पर
- मुख्यमंत्री बघेल ने कहा-समावेशी और टिकाऊ विकास का 'छत्तीसगढ़ मॉडल' हमारे गौरव का प्रतीक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज 73वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर बस्तर जिला मुख्यालय जगदलपुर के लालबाग मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में हर्ष और उल्लास के वातावरण में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री बघेल ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सशस्त्र बल के जवानों द्वारा गार्ड ऑफऑनर दिया गया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस मौके पर प्रदेश के निरंतर विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यो, नीतियों, योजनाओं तथा उपलब्धियों पर केन्द्रित जनता के नाम संदेश का वाचन किया।

छत्तीसगढ़ में श्रम कल्याण के प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए प्रत्येक जिला मुख्यालय तथा विकासखण्ड स्तर पर 'मुख्यमंत्री श्रमिक संसाधन केन्द्र' की स्थापना की जाएगी। इसी तरह श्रमिक परिवारों की बेटियों की शिक्षा, रोजगार, स्व-रोजगार तथा विवाह में सहायता के लिए भी आज मैं एक नई योजना की घोषणा करता हूं, जो 'मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण सहायता योजना' के नाम से जानी जाएगी। मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण सहायता योजना के तहत 'छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल' में पंजीकृत हितग्राहियों की प्रथम दो पुत्रियों के बैंक खाते में 20-20 हजार रूपए की राशि का भुगतान एकमुश्त किया जाएगा। मुझे यह कहते हुए खुशी है कि नई फसलों और इससे संबंधित किसानों को बेहतर दाम दिलाने की दिशा में हम एक और बड़ा कदम उठाने जा रहे हैं। आज मैं यह घोषणा करता हूं कि आगामी खरीफ वर्ष 2022-23 से प्रदेश में दलहन फसलों जैसे मूंग, उड़द, अरहर की खरीदी भी न्यूनतम मूल्य पर की जाएगी।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा-छत्तीसगढ़ की ग्रामीण आबादी का एक बड़ा हिस्सा कृषि मजदूरी पर निर्भर है, जिन्हे खरीफसीजन के बाद रोजगार का संकट हो जाता है। ऐसे भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए हमने 'राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन मजदूर न्याय योजना' के तहत इसी वित्तीय वर्ष से लाभ देने की भी घोषणा की थी। जिसके तहत प्रतिवर्ष 6 हजार रूपए प्रदान करने का प्रावधान है। दिसम्बर 2021 में विशेष ग्राम सभाओं से पात्र हितग्राहियों का अंतिम चयन हो चुका है। गणतंत्र दिवस के तत्काल पश्चात 1 फरवरी को पहली किस्त की राशि पात्र हितग्राहियों को अंतरित की जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा-जब हम अपने गौरवशाली संविधान की बात करते हैं तो हमारी आंखों के सामने उन अमर शहीदों के चेहरे नजर आते हैं, जिनकी बदौलत भारत आजाद हुआ था अमर शहीद गैंदसिंह, शहीद वीर नारायण सिंह, वीर गुण्डाधूर जैसी विभूतियों की बदौलत 1857 की क्रांति के पहले से हमारा छत्तीसगढ़, भारत की राष्ट्रीय चेतना से जुड़ा था। आजादी के आंदोलन से लेकर गणतंत्र का वरदान दिलाने तक जिन महान विभूतियों ने अपना योगदान दिया, उन सबकों मैं सादर नमन करता हूं। हमारे दूरदर्शी पुरखों ने आजादी की लड़ाई के साथ-साथ आजाद भारत के संविधान का सपना ही नहीं देखा था, बल्कि इसकी ठोस तैयारी भी शुरू कर दी।

## सीएम बघेल ने दी प्रदेशवासियों को विभिन्न योजनाओं की सौगात

- हमारी सरकार, इसी वर्ष, समस्त अनियमित भवन निर्माण के नियमितीकरण हेतु एक व्यवहारिक, सरल एवं पारदर्शी कानून लाएगी, जिससे अनेक नागरिक प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे। इस कानून के प्रावधानों का लाभ लेकर हमारे नागरिक अपनी मेहनत से किए गए निर्माण को नियमित कराकर स्वाभिमान से जीवन-यापन एवं रोजगार कर सकेंगे।
- इसके साथ ही रिहायशी क्षेत्रों में संचालित व्यवसायिक गतिविधियों के नियमितीकरण हेतु आवश्यक प्रावधान किए जाएंगे ताकि हमारे हजारों भाई-बहन आत्मविश्वास के साथ अपना व्यवसाय संचालित कर सकें।
- आप सभी को बताते हुए हर्ष हो रहा है कि मेरी घोषणा के 15 दिन के भीतर प्रदेश के नगर निगमों में 500 वर्ग मीटर तक के भवनों में मानवीय हस्तक्षेप के बिना 'डायरेक्ट भवन अनुज्ञा प्रणाली' प्रारम्भ कर दी गई है। उसी तर्ज पर मैं घोषणा करता हूं कि प्रदेश में अब नगर निगम से बाहर के क्षेत्रों, जो कि निवेश क्षेत्र में शामिल हैं, में भी 500 वर्ग मीटर तक भवन विन्यास बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के तय समय-सीमा में जारी किए जाएंगे।
- प्रदेश के नगरीय निकायों में नल कनेक्शन प्राप्त करने की प्रक्रिया को 'डायरेक्ट भवन अनुज्ञा' की तर्ज पर मानवीय हस्तक्षेप मुक्त बना कर समय-सीमा में नल कनेक्शन दिए जाने का निर्णय लिया गया है।
- हमारी सरकार ने शहरी क्षेत्रों में आबादी, नजूल एवं स्लम पर स्थित पट्टों को भी फ्री होल्ड करने का निर्णय लिया था, जिससे नागरिकों को भूमि-स्वामी हक प्राप्त हुआ। आज मैं इस मंच से घोषणा करता हूं कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी शासकीय पट्टे की भूमियों को फ्री होल्ड किया जाएगा।
- अन्य पिछड़ा वर्ग के नागरिकों में उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु औद्योगिक नीति में संशोधन कर इस प्रवर्ग हेतु 10 प्रतिशत भू-खण्ड आरक्षित किए जाएंगे, जो कि भू-प्रीमियम दर के 10 प्रतिशत दर तथा 1 प्रतिशत भू-भाटक पर उपलब्ध कराए जाएंगे।
- मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत प्रदेश के नगर निगमों में 18 लाख से अधिक नागरिकों का इलाज नि:शुल्क किया जा चुका है। इस योजना की सफलता को देखते हुए मैं यह घोषणा करता हूं कि शीघ्र ही इस योजना को प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में लागू किया जाएगा।
- नव-युवाओं को नई सुविधाएं देने के लिए मैं यह घोषणा करता हूं कि प्रदेश में लर्निंग लाइसेंस बनाने की प्रकिया का सरलीकरण किया जाएगा और इस हेतु वृहद स्तर पर 'परिवहन सुविधा केंद्र' प्रारम्भ किए जाएंगे। इन केन्द्रों को केवल लर्निंग लाइसेंस बनाने हेतु अधिकृत किया जाएगा अपितु इन केन्द्रों में परिवहन विभाग से संबंधित समस्त सेवाएं नागरिकों को अपने निवास के पास मिल सकेंगी एवं प्रदेश के युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा।
- कर्मचारी कल्याण की दिशा में कुछ नए कदमों को साझा करना चाहूंगा कि शीघ्र ही हम प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों के हित में अंशदायी पेंशन योजना के अंतर्गत राज्य सरकार के अंशदान को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत करेंगे।
- आज इस मंच से घोषणा करता हूं कि शासकीय कर्मचारियों की कार्य क्षमता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए राज्य सरकार अब 5 कार्य दिवस प्रति सप्ताह प्रणाली पर कार्य करेगी।
- हमारी बहनों की सुरक्षा हेतु हम प्रतिबद्ध हैं, इसी कारण आज मैं आप सभी के समक्ष घोषणा करना चाहूंगा कि इस हेतु हम प्रत्येक जिले में 'महिला सुरक्षा प्रकोष्ठ' का गठन कर उसे प्रभावी रूप से महिला सुरक्षा हेतु उपयोग करेंगे।
- मैं घोषणा करता हूं कि प्रदेश में तीरंदाजी को प्रोत्साहित करने हेतु जगदलपुर में 'शहीद गुंडाधूर' के नाम पर राज्य स्तरीय तीरंदाजी अकादमी प्रारम्भ की जाएगी।
- वृक्ष कटाई के नियमों की जटिलता एवं उसके कारण वृक्षारोपण हेतु नागरिकों की अरूचि को देखते हुए राज्य सरकार शीघ्र ही इन नियमों का नागरिकों के हित में सरलीकरण करने जा रही है। इस हेतु हम समस्त प्रासंगिक अधिनियमों एवं नियमों में आवश्यक संशोधन लाने जा रहे हैं।

# गणतंत्र दिवस पर निगम के कर्मचारियों का उत्कृष्ट कार्यो के लिए विधायक,महापौर एवं आयुक्त ने किया सम्मानः

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** दुर्ग शहर विधायक अरुण वोरा ,नगर निगम महापौर धीरज बाकलीवाल एवं निगम आयुक्त हरेश मंडावी द्वारा निगम में कार्यरत निष्ठावान कर्मचारियों को विभागीय अधिकारी द्वारा सौंपे गए कार्यों एवं कोविड -19 के रोकथाम एवं बचाव हेतु कोविड टीकाकरण



हेतु वेरिफ़ायर में निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करने हेतु उत्कृष्ट कार्य के किए सम्मान किया गया।सहायक भवन अधिकारी व स्वास्थ्य अधिकारी गिरीश दीवान को स्वच्छ्ता सर्वेक्षण में दुर्ग को को पूरे देश मे रेंकिंग लाने पर व शहर को पूरे जिम्मेदारी के साथ शहर को स्वच्छ रखने के लिए सम्मान किया गया।

शुभम गोईर निज सहायक आयुक्त को विभागीय अधिकारी एवं निगम आयुक्त द्वारा सौंपे गये दायित्व एवं को कोविड टीकाकरण कार्यक्रम मॉनिटरिंग कार्य में निष्ठा एवं ईमानदारी से उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया। चंद्रेश बक्शी (राजू बक्शी) को जनसम्पर्क विभाग द्वारा सौंपे गये दायित्व कार्य में निष्ठा एवं ईमानदारी से उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम के मौके पर एमआईसी प्रभारी अब्दुल गनी, संजय कोहले, ऋषभ जैन,भोला महोविया, श्रीमती सत्यवती वर्मा, पूर्व महापौर आरएन वर्मा,जिला अध्यक्ष गया जी पटेल समेत पार्षद एल्डरमेन समेत अन्य मौजूद थे।इसी कड़ी में प्रभारी राजस्व अधिकारी नारायण यादव, स्वस्च्छ्ता निरीक्षण जसवीर सिंह भुवाल, ईश्वर वर्मा,रोशनी आहूजा, विजय राजपूत, भरत देवांगन, निलेश चौहान, राजू सिंह,आंशिक पटेरिया, शैलेंद्र साहू, गौतम साहू, श्रीमती पूनम कदम, मनोज साहू, श्रीमती ज्योति साहू, सुमन सौरभ, सूरज महोबिया, को विभागीय अधिकारी द्वारा सौंपे गए कार्यों को पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करने हेतु उत्कृष्ट कार्य के किए सम्मान किया गया

वहीं लक्ष्मी अम्बुले, मन्नू चन्द्राकर, श्रीमती अनिता साहू, श्रीमती छाया बघेल, आशीष कसेर, श्रीमती हेमलता सेन, सुनीता राजपूत, नाज बेगम, हेमलता निर्मलकर, नीलम साहू, मनजीत कौर, श्रीमती नंदनी यादव, श्रीमती सुमन गुप्ता, श्रीमती धनेश्वरी भूवाल, कुलेश्वरी राजपूत, श्रीमती पूजा ठाकुर, लोकेश्वरी कुर्रे को कोविड टीकाकरण कार्यक्रम मॉनिटरिंग कार्य में निष्ठा एवं ईमानदारी से उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित कर इनकी कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

भिलाई के सेंटर ऑफ़ अट्रैक्शन सिविक सेंटर में हाइटेक और इकोफ्रेंडली पार्किंग जोन होगी तैयार

# सौंदर्यीकरण सहित करोड़ों के विकास कार्य से बदलेगी सिविक सेंटर की तस्वीर

## विधायक देवेन्द्र यादव एवं महापौर नीरज पाल ने विकास कार्य का जायजा लेकर मास्टर प्लान तैयार करने के दिये निर्देश



श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई शहर के सेंटर ऑफ एट्रेक्शन एवं शहर के सबसे व्यवस्तम स्थल सिविक सेंटर में हाइटेक और इकोफ्रेंडली पार्किंग जोन तैयार होगा। सिविक सेंटर की तस्वीर बदलने की विधायक देवेन्द्र यादव की परिकल्पना के अनुसार महापौर नीरज पाल ने इस पर काम करना प्रारंभ कर दिया है। सिविक सेंटर परिसर क्षेत्र में सौंदर्यीकरण तथा अन्य जरूरी आवश्यकताओं को देखते हुये विकास कार्य किया जायेगा। इसको मूर्त रूप देने के लिए विधायक देवेन्द्र यादव एवं मेयर नीरज पाल ने मास्टर प्लान तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिये है। वर्तमान में 5 अलग-अलग कार्यो की स्वीकृति मिल चुकी है और दो कार्यो पर सिविक सेंटर में काम भी प्रारंभ हो गया है। भिलाई शहर का शायद ही ऐसा कोई नागरिक होगा जो सिविक सेंटर से वाकिफन हो। सिविक सेंटर में सभी प्रकार के मार्केट के अलावा खाने, पीने और मनोरंजन के भरपूर साधन उपलब्ध है। समीप में ही शहीद गार्डन एक बड़ा आकर्षण का केन्द्र है जहां परिवार सहित सभी लुफ्त उठाते है।

सिविक सेंटर में अब विकास कार्य होने पर इसकी तस्वीर बदल जायेगी और आने वाले लोगो को इसका भरपूर लाभ मिलेगा। विधायक और महापौर ने आज विकास कार्यो का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान सभापति गिरवर बंटी साहू, जोन अध्यक्ष रामानंद मौर्या तथा राजेश चौधरी, मुकेश चंद्राकर, महापौर परिषद के सदस्य एकांश बंछोर, लक्ष्मीपति राजू, सीजू एंथोनी, आदित्य सिंह, संदीप निरंकारी, लालचंद वर्मा, साकेत चंद्राकर, केशव चौबे, चंद्रशेखर गवई, मीरा बंजारे, मालती ठाकुर, नेहा साहू, रीता सिंह गेरा एवं मन्नान गफ्फार खान भिलाई निगम से अधीक्षण अभियंता दीपक कुमार जोशी, जोन आयुक्त प्रीति सिंह, प्रभारी कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे, प्रभारी सहायक अभियंता वसीम खान एवं उप अभियंता श्वेता महेश्वर सहित अन्य मौजूद रहे।

### 5 करोड़ 87 लाख से सिविक सेंटर की बदलेगी तस्वीर

सिविक सेंटर में ओपन रोड साइड में सभी तरफ आकर्षक रंग बिरंगे पेवर ब्लॉक, हाईटेक एवं इको फ्रेंडली पार्किंग जोन, शहीद पार्क के समीप पेवर ब्लॉक, अंधेरा दूर करने हाईमास्क एवं एलईडी लाईट तथा अर्जुन रथ परिसर अंतर्गत सौंदर्यीकरण कार्य किये जाएंगे। इन पांच अलग-अलग कार्यों में दो कार्य प्रारंभ हो गये है। वर्तमान में पेवर ब्लॉक लगाने एवं पार्किंग जोन तैयार करने का काम प्रगति पर है। महापौर ने अधिकारियों से कहा कि कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे और समयसीमा में कार्य पुर्ण हो।

# पॉवर कंपनी ने जारी किए मॉडल आंसर 29 जनवरी तक मंगाई दावा आपत्ति

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी ने कनिष्ठ अभियंता तथा डाटा एंट्री ऑपरेटर पदों के लिए संपन्न भर्ती परीक्षा के प्रादर्श उत्तर ( मॉडल आंसर) जारी कर दिए हैं। कंपनी ने सभी अभ्यर्थियों को उनके उत्तर पत्रक सहित प्रादर्श उत्तर परीक्षार्थी के ई -मेल पर भेज दिए हैं। जिससे परीक्षार्थी प्राप्त अंक की गणना स्वयं कर सकता है। यदि उसे ऐसा लगता है कि किसी प्रश्न का प्रादर्श उत्तर जो पॉवर कंपनी द्वारा नियत एजेंसी ने तय किए हैं वे सही नहीं हैं तो इस संदर्भ में परीक्षार्थी अपनी आपत्ति सुसंगत दस्तावेजों सहित ऑनलाइन जमा कर सकता है, जिसका उचित समाधान किया जाएगा। अभ्यर्थियों से संबंधित दावा आपत्ति 29 जनवरी तक आमंत्रित किया गया है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी के कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) मनोज खरे ने बताया कि दावा-आपत्ति सिर्फ ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे।उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को भेजे ई-मेल में दावा आपत्ति संबंधी सभी जानकारी भेजी गई है।

उल्लेखनीय है कि कनिष्ठ अभियंता के 307 पदों के लिए लगभग 32 हजार परीक्षार्थियों तथा डाटा एंट्री ऑपरेटर के 400 पदों के लिए 59 हजार परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी है।



# गर्ल्स कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रात: महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने ध्वजारोहण किया। महाविद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत देशभक्ति पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसका अवलोकन प्राध्यापकों, छात्राओं ने किया। पोस्टर प्रतियोगिता में 35 छात्राओं ने भाग लिया जिन्हें प्रमाण पत्र दिए गए। कु. प्रज्ञा कौशिक एवं किरण सोनबेर के पोस्टर सराहे गये। सभी विजेता प्रतिभगियों को यूथ रेडक्रॉस के द्वारा पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के नैक मूल्यांकन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्राध्यापकों को सम्मानित किया गया। यूजीसी के निर्देशानुसार विद्यार्थियों के लिए ऑनलाईन सूर्य नमस्कार की प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने किया।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950